रोहतक

शुक्रवार, 26 जनवरी 2024

माघ मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 27, अंक : 365
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 14.5
न्यून. 3.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

haribhoomi.com







## शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं व वितरक बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 26 जनवरी शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। आगामी अंक 28 जनवरी रविवार को आपके हाथों में होगा। – संपादक

# जयपुर में मोदी ने की मैक्रों की भव्य अगुवानी

## जंतर-मंतर पर गर्मजोशी से गले मिले, रोड शो निकाला

**जयपुर (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जयपुर में फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों की भव्य अगुवानी की। जंतर-मंतर पर दोनों नेताओं ने एक दूसरे से हाथ मिलाया व गर्मजोशी से गले मिले। इसके बाद यहां परकोटे में स्थित जंतर-मंतर से हवा महल तक रोड शो किया। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रपति मैक्रों खुली छत वाले एक वाहन में सवार थे। दोनों नेताओं ने सड़क के दोनों ओर खड़े जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों ने 'मोदी मोदी' के नारे भी लगाए। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ में तिरंगे तथा फ्रांस के राष्ट्रध्वज ले रखे थे। कई लोगों ने हाथों में मोदी के पोस्टर थामे हुए थे। सड़क पर मोदी व मैक्रों के कटआउट भी लगाए गए थे। बता दें कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों दो दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। इस बार वे गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।


### राम मंदिर का मॉडल भेंट किया

इस दौरान मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति को गिफ्ट के रूप में राम मंदिर का मॉडल भेंट किया। हवा महल के बाहर मोदी ने मैक्रों के साथ चाय पी। खासबात यह है कि चाय पीने के बाद पीएम ने यूपीआई के माध्यम से इसकी पेमेंट की। दुकानदार ने टोकन में दो रुपये मांगे। पीएम ने दो रुपये का यूपीआई पेमेंट कर दिया।



### मैक्रों गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुए मैक्रों 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में मैक्रों के सम्मान में एक रिसेप्शन और स्टेट डिनर होस्ट करेंगी। बता दें कि मैक्रों फ्रांस के छठे ऐसे राष्ट्रपति होंगे, जो भारत में गणतंत्र दिवस परेड के चीफ गेस्ट बनेंगे।



### भारत आज सैन्य ताकत व नारी शक्ति के भव्य प्रदर्शन के साथ 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा

**नई दिल्ली।** देश कर्तव्य पथ पर शुक्रवार को 90 मिनट की परेड के दौरान अपनी बढ़ती सैन्य ताकत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के भव्य प्रदर्शन के साथ 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न मनाएगा। देश की महिला शक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों पर केंद्रित इस भव्य समारोह में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। *(पैकेज पेज दो पर)*

**75वां गणतंत्र दिवस आज**

राष्ट्रपति ने पूर्व संध्या पर देश को किया संबोधित, राम मंदिर का जिक्र

# भारत लोकतंत्र की जननी है, नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा अमृतकाल

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को संबोधित किया। अपने 23 मिनट के संबोधन में उन्होंने राम मंदिर का जिक्र किया साथ ही कर्पूरी ठाकुर को भी श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे गणतंत्र का 75वां वर्ष कई अर्थों में देश की यात्रा का एक ऐतिहासिक पड़ाव है। हमारा देश स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा है। यह भारत अमृत काल को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। मुर्मू ने कहा कि सभी भारतवासी एकजुट होकर एक कुटुंब के रूप में रहते हैं।



### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ऐतिहासिक

अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भविष्य में जब भी इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाएगा तब इसका मूल्यांकन भारत द्वारा सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में युगांतरकारी आयोजन के रूप में किया जाएगा। उचित न्यायिक प्रक्रिया और देश के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद मंदिर का निर्माण हुआ और अब यह भव्य संरचना के रूप में शोभायमान है।

**राष्ट्रपति ने किए सम्मानित**

डीएसपी को गैलेंट्री अवॉर्ड और छह को पुलिस पदक दिया

# प्रदेश के दो आईजी संजय और राजेंद्र को राष्ट्रपति पुलिस पदक

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली में हरियाणा के 2 पुलिस इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस मेडल से सम्मानित किया जाएगा। एक डीएसपी को गैलेंट्री अवॉर्ड और इंस्पेक्टर-एसआई समेत 6 अन्य पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस मेडल मिलेगा। डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने बताया कि पुलिस हेडक्वार्टर में कार्यरत आईजी संजय कुमार व रेवाड़ी रेंज में कार्यरत आईजी राजेंद्र कुमार को विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रेसिडेंट पुलिस मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

*(संबंधित पैकेज पेज-8 पर)*



राजेंद्र, आईपीएस राष्ट्रपति पुलिस पदक



संजय, आईपीएस राष्ट्रपति पुलिस पदक



प्रदीप कुमार, डीएसपी, गैलेंट्री अवार्ड

### इन्हें पुलिस पदक

| नाम | तैनाती |
|---|---|
| इंस्पेक्टर राजेंद्र | स्टेट क्राइम ब्यूरो |
| सब इंस्पेक्टर गुनपाल | सीआईडी |
| सब इंस्पेक्टर रविंद्र | पीटीसी सुनारिया |
| अ. सब इंस्पेक्टर कविता | अंबाला |
| अ. सब इंस्पेक्टर नरेंद्र | सीआईडी |
| अ. सब इंस्पेक्टर विजेंद्र | पंचकूला |

*हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों को बधाई दी।*

***75वें गणतंत्र दिवस पर देशभर में कुल 1130 को पुलिस पदक से नवाजा गया।***







## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

# 1500 करोड़ से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

भारत की आजादी की पहली लड़ाई, 1857 के शहीदों के सम्मान में सरकार द्वारा अंबाला कैंट में बनाए जा रहे आजादी की पहली लड़ाई का शहीदी स्मारक जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। स्मारक का सिविल कार्य पूर्ण होने के बाद डिजिटल उपकरण सहित संग्रहालय के अन्य कार्यों के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में यहां हुई हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में लगभग 112 करोड़ की मंजूरी प्रदान की गई। इस स्मारक से युवा पीढ़ी को न केवल आजादी की पहली लड़ाई के बारे में जानकारी मिलेगी बल्कि वे ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और प्रदेश के वीरों के योगदान की कहानियों से भी अवगत होंगे। इसके अलावा, उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) और हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में कुल 1500 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई।

- बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद लगभग 112 करोड़ की बचत
- शहीद स्मारक के 112 करोड़ के उपकरणों की खरीद को मंजूरी

बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 112 करोड़ रुपये की बचत की गई है। उल्लेखनीय है कि सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा निर्मित किए जा रहे आजादी की पहली लड़ाई का शहीदी स्मारक में ही साढ़े 21 करोड़ रुपये की बचत की गई। बैठक में श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित थे। इनके अलावा, स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में कुल 28 एजेंडे रखे गए और सभी एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई।



चंडीगढ़। हाई पावर वर्कर्स परचेज कमेटी के बैठक लेते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### पानीपत में उपचारित अपशिष्ट जल की आपूर्ति के लिए सोलर ग्रिड संचालित सूक्ष्म सिंचाई बुनियादी ढांचा होगा स्थापित

सरकार द्वारा जल संरक्षण और कम पानी के साथ अधिक पैदावार के विज़न के साथ क्रियान्वित की जा रही सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को लगातार गति मिल रही है। इस कड़ी में आज की बैठक में एसटीपी प्लांट के उपचारित पानी को सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के तहत इस्तेमाल करने हेतु परियोजना को मंजूरी दी गई। जाटल रोड, पानीपत में मौजूदा एसटीपी, नौल्था, पालड़ी, बलाना और जोंधन खुर्द गांव में उपचारित अपशिष्ट जल की आपूर्ति के लिए सोलर/ग्रिड संचालित एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई बुनियादी ढांचे की स्थापना की जाएगी। इस परियोजना के लिए भी बैठक में कार्य आवंटन को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी के पुनर्वास कार्य को भी मंजूरी दी गई। साथ ही, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर जलापूर्ति के लिए पंप सेट और पाइपों की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को भी मंजूरी दी गई।

## गणतंत्र दिवस पर कैदियों को राहत, सजा में छूट का ऐलान

चंडीगढ़। सरकार ने गणतंत्र दिवस के मौके पर राज्य में आपराधिक अधिकार क्षेत्र के न्यायालयों द्वारा सुनाई सजा भुगत रहे कैदियों को विशेष छूट दी है। प्रवक्ता ने बताया कि जिन अपराधियों को आजीवन कारावास, 10 वर्ष या इससे अधिक की अवधि की सजा सुनाई गई है, उन्हें 60 दिन और जिन अपराधियों को पांच वर्ष, पांच वर्ष से ऊपर और 10 वर्ष से कम की सजा सुनाई गई है, उन्हें 45 दिन की छूट प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार, जिन अपराधियों को पांच वर्ष से कम की सजा सुनाई गई है, उन्हें 30 दिन की छूट प्रदान की जाएगी।उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस यानि 26 जनवरी, 2024 को कारागार से पैरोल और फरलो पर आए सभी अपराधियों को भी यह छूट भी दी जाएगी, बशर्ते वे अपने निर्धारित समय पर सम्बन्धित कारागार में आत्म समर्पण करते हैं तो उस स्थिति में कारावास के बचे हुए समय में यह छूट दी जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि जिन अपराधियों पर जुर्माना भुगतान न करने पर सजा हुई है, उन्हें यह छूट नहीं दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिन अपराधियों को प्रदेश में आपराधिक न्याय क्षेत्र के न्यायालयों द्वारा दोषी ठहराया गया है लेकिन प्रदेश के बाहर जेलों में अपनी सजा काट रहे हैं, वे भी उपरोक्त पैमाने के अनुसार यह छूट प्राप्त करने के हकदार होंगे। उन्होंने बताया कि जो अपराधी जमानत पर हैं, उन्हें यह छूट नहीं दी जाएगी।


## कार्यालय नगरपालिका चीका।

1-आमजन से अपील की जाती है कि नगरपालिका चीका का सफाई कार्य में सहयोग करें।

2-नगरपालिका कार्यालय में अपनी प्रोपर्टी से सम्बन्धित सभी बकाया नियमानुसार कार्यालय में/आनलाईन जमा करवाएं ताकि सरकार द्वारा दी गई सुविधाएं / प्रोपर्टी कर में छूट का आप लाभ उठा सकें। अपनी प्रोपर्टी को सैल्फ सर्टीफाईड करें ताकि गृहकर / प्रोपर्टी कर में छूट का आपको लाभ मिल सके।

3-सरकार द्वारा प्रोपर्टी के ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दिनांक 29-02-2024 तक बढ़ा दी गई है इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रोपर्टी कर में 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है। अपनी प्रोपर्टी को सैल्फ सर्टीफाईड करें ताकि गृहकर / प्रोपर्टी कर में छूट का आपको लाभ मिल सके।

4- नगरपालिका क्षेत्र में बने हुए पार्कों की देखरेख / मैनटेनेंस में नगरपालिका अधिकारियों/कर्मचारियों का सहयोग करें।

5-स्वच्छ सर्वेक्षण में नगरपालिका कर्मचारियों का सहयोग करें।

6-सभी दुकानदारों/आमजन से अपील की जाती है कि पोलीथीन का प्रयोग न करें।

7- पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

8- सभी आमजन / शहरवासियों से अनुरोध है कि अपना कचरा नगरपालिका की कचरा गाड़ी में ही डालें। शहर में कचरा निश्चित स्थान पर रखें। ताकि चीका शहर को साफ व स्वच्छ बनाया जा सके।

हस्ता/-सचिव
नगरपालिका चीका।


## MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)

### PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE

| S. NO. | NAME OF DEPARTMENT/ BOARD/ CORP./AUTH | NAME OF WORK/ NOTICE/TENDER | Bid Submission Start Date & Bid Submission End Date & Bid Opening Date | Tender Value in ₹ | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL | TENDER REF. NO/ TENDER NO. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Vinod Sharma to Santoash Shastri in Tringa Colony in Ward No. 04 MC Uchana | 25-Jan-2024 09:00 AM & 01-Feb-2024 05:00 PM & 02-Feb-2024 10:00 PM | 4,39,617 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 346992_1 |
| 2 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Anil to House of Sanjay in ward no. 04 in MC Uchana | 25-Jan-2024 09:00 AM & 01-Feb-2024 05:00 PM & 02-Feb-2024 10:00 PM | 7,21,854 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 347004_1 |
| 3 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from h/o Dhara Singh to h/o Sadhu Ram in Ward No. 03 in MC Uchana | 25-Jan-2024 09:00 AM & 01-Feb-2024 05:00 PM & 02-Feb-2024 10:00 AM | 14,77,189 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 347045_1 |
| 4 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Jaiveer to House of Vikas Khark in Ward No. 04 in MC Uchana | 25-Jan-2024 09:00 AM & 01-Feb-2024 05:00 PM & 02-Feb-2024 10:00 AM | 7,77,496 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 347016_1 |
| 5 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from Sandeep Kapro to Rodhu Pandit in Ward No. 0B in MC Uchana | 25-Jan-2024 09:00 AM & 01-Feb-2024 05:00 PM & 02-Feb-2024 10:00 AM | 11,44,060 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 347035_1 |
| 6 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from Telu Jaat to Bhud Ram Sunar in Ward No. 08 MC | 25-Jan-2024 09:00 AM & 01-Feb-2024 05:00 PM & 02-Feb-2024 10:00 AM | 7,90,735 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 347025_1 |
| 7 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from Rajbaha Road at Maa Bhanbhori Paneer Cornor to House of Ramesh son of Shamsher in Ward No. 02 in MC Uchana | 25-Jan-2024 09:00 AM & 01-Feb-2024 05:00 PM & 02-Feb-2024 10:00 AM | 4,21,564.00 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 346996_1 |

Sd/- Municipal Engineer
Municipal Committee Uchana (Jind)

## शिक्षा निदेशालय ने जारी की स्कूलों की स्थानीय छुट्टियों की सूची

चंडीगढ़। हरियाणा शिक्षा विभाग अधिकारियों की ओर से स्कूलों में स्थानीय (लोकल होलीडे) छुट्टियों का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। स्कूलों में चार अवकाश बुद्ध पूर्णिमा, हरियाली तीज और छोटी दीपावली के साथ साथ में शहीद उधम सिंह जयंती पर रहेंगे। विभाग की ओर से जारी अवकाश के आदेश जारी कर दिए गए हैं, इनमें तीन पर्व गुरुवार के दिन और 2024 में 23 मई के दिन बुद्ध पूर्णिमा पर भी स्थानीय अवकाश रहेगा। छह सिंतबर को शुक्रवार के दिन हरियाली तीज, 31 अक्टूबर गुरुवार को छोटी दीपावली, 26 दिसंबर को उधम सिंह जयंती पर अवकाश रहेगा।

## सरकार ने एक साल में 1000 नौकरियां भी नहीं दी : ढांडा



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने वीरवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर 2023 में 50,000 सरकारी नौकरियां देने के मुद्दे पर सरकार को दी खुली चुनौती। उन्होंने कहा कि यदि सीएम ने 50000 तो दूर पिछले एक साल में यदि 1000 नौकरियां भी दी हैं तो उनकी सूची जारी करे, नहीं तो प्रदेश की जनता और युवाओं से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी की महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष राजकौर गिल और पंचकुला जिला अध्यक्ष रणजीत उप्पल मौजूद रहे। अनुराग ढांडा ने कहा कि जब मैंने नौकरियों को लेकरसरकार से कुछ सवाल पूछे तो भाजपा ने पेड ट्रॉल्स की पूरी टीम सोशल मीडिया पर उतार दी। आम आदमी पार्टी के खिलाफ एक नैरेटिव बनाने के लिए कि नौकरियों को लेकर पूछे गए सवाल सही नहीं हैं। यदि सीएम 2023 में दी गई एक हजार नौकरियों की भी लिस्ट जारी कर दे मैं अपनी गलती मानने के लिए तैयार हूं।

## 29 को डॉक्टरों व संगठनों के साथ बैठक करेंगे स्वास्थ्य मंत्री

चंडीगढ़। (योगेंद्र शर्मा) गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री 29 जनवरी को प्रदेश के डॉक्टरों की मांगों के साथ-साथ बाकी संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी मांगों को लेकर बातचीत कर समाधान पर मंथन करेंगे। मिशन-2024 लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले कर्मचारी संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर अभी से दबाव भी बनाया जा रहा है, सेहत विभाग के डॉक्टर और बाकी संगठन भी आंदोलन की राह पर हैं। वार्ता के बाद में मांगों को लेकर सर्वमान्य हल निकल आने की उम्मीद जगी है। बताया गया है कि 29 जनवरी को दोपहर बाद होने बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े दर्जन भर संगठनों के पदाधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर मंथन के लिए आएंगे। इसमें सबसे पहले डॉक्टरों को वक्त दिया गया है, सबसे पहले डॉक्टर प्रतिनिधियों की चार प्रमुख मांगों को लेकर विचार किया जाएगा।

- स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के मांगों को लेकर समाधान की आस

29 को दोपहर बाद हरियाणा सिविल सचिवालय के आठवें फ्लोर पर संगठनों के प्रतिनिधियों को बुलावा भेजकर समय दिया गया है। काफी समय से मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे संगठन वार्ता रखे जाने से राहत महसूस कर रहे हैं। डाक्टर भी कलम छोड़ हड़ताल और विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। डॉक्टरों के संगठन हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन की मांगों को लेकर सबसे पहले बातचीत होगी।प्रतिनिधि लगातार मंत्री अनिल विज सेमुलाकात कर उनके सामने आ रही चुनौतियों और दिक्कतों के बारे में बता चुके हैं, मंत्री भी डाक्टरों की मांगों को शुरुआती दौर से ही पॉजिटिव हैं। विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की मांगों को लेकर होमवर्क कर चुके है।

## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

**बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151**
**(वेबसाइट : www.hssc.gov.in)**

### स्टेनोग्राफी शॉर्टहैंड और ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा सूचना

**विज्ञा. सं. 03/2023 के तहत ग्रुप 58, 59 और 60 के अन्तर्गत श्रेणी सं. 390, 391, 392, 393, 394, 395 और 396 हेतु सीईटी ग्रुप-सी पदों (द्वितीय चरण) के स्टेनोग्राफी शॉर्टहैंड और ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को सूचना**

सभी सम्बन्धितों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग विज्ञा. सं. 03/2023 के तहत ग्रुप 58, 59 और 60 के अन्तर्गत श्रेणी सं. 390, 391, 392, 393, 394, 395 और 396 हेतु सीईटी ग्रुप-सी पदों (द्वितीय चरण) की स्टेनोग्राफी शॉर्टहैंड और ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा 05.02.2024 से 11.02.2024 तक निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुरूप आयोजित करेगा :-

**कार्यक्रम**

| क्र. सं. | पद का नाम | श्रेणी सं. | परीक्षा की तिथि, पारी व समय | परीक्षा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टेनो-टाइपिस्ट (हिन्दी) | 396 | **05.02.2024** **प्रथम पारी** प्रवेश समय - पूर्वा. 07:30 बजे से पूर्वा. 08:30 बजे तक (पूर्वा. 08:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - पूर्वा. 09:00 बजे **द्वितीय पारी** प्रवेश समय - पूर्वा. 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (दोपहर 12:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 12:30 बजे **तृतीय पारी** प्रवेश समय - अप. 02:30 बजे से अप. 03:30 बजे तक (अप. 03:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 04:00 बजे | -उक्त- |
| 2. | स्टेनो-टाइपिस्ट (अंग्रेजी) | 395 | **06.02.2024 और 07.02.2024** **प्रथम पारी** प्रवेश समय - पूर्वा. 07:30 बजे से पूर्वा. 08:30 बजे तक (पूर्वा. 08:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - पूर्वा. 09:00 बजे **द्वितीय पारी** प्रवेश समय - पूर्वा. 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (दोपहर 12:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 12:30 बजे **तृतीय पारी** प्रवेश समय - अप. 02:30 बजे से अप. 03:30 बजे तक (अप. 03:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 04:00 बजे | |
| 3. | सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) और जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) | 393 और 394 | **08.02.2024 और 09.02.2024** **प्रथम पारी** प्रवेश समय - पूर्वा. 07:30 बजे से पूर्वा. 08:30 बजे तक (पूर्वा. 08:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - पूर्वा. 09:00 बजे **द्वितीय पारी** प्रवेश समय - पूर्वा. 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (दोपहर 12:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 12:30 बजे **तृतीय पारी** प्रवेश समय - अप. 02:30 बजे से अप. 03:30 बजे तक (अप. 03:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 04:00 बजे | प्रवेश-पत्र के अनुरूप |
| 4. | स्टेनो-टाइपिस्ट (दोनों) | 392 | **10.02.2024** **प्रथम पारी** प्रवेश समय - पूर्वा. 07:30 बजे से पूर्वा. 08:30 बजे तक (पूर्वा. 08:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - पूर्वा. 09:00 बजे **द्वितीय पारी** प्रवेश समय - पूर्वा. 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (दोपहर 12:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 12:30 बजे **तृतीय पारी** प्रवेश समय - अप. 02:30 बजे से अप. 03:30 बजे तक (अप. 03:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 04:00 बजे | |
| 5. | सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर (दोनों) और जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (दोनों) | 390 और 391 | **11.02.2024** **प्रथम पारी** प्रवेश समय - पूर्वा. 07:30 बजे से पूर्वा. 08:30 बजे तक (पूर्वा. 08:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - पूर्वा. 09:00 बजे **द्वितीय पारी** प्रवेश समय - पूर्वा. 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (दोपहर 12:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 12:30 बजे **तृतीय पारी** प्रवेश समय - अप. 02:30 बजे से अप. 03:30 बजे तक (अप. 03:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 04:00 बजे | |

टिप्पणी : उपरोक्त स्टेनोग्राफी शॉर्टहैंड और ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा हेतु विस्तृत निर्देश आयोग की वेबसाइट अर्थात **www.hssc.gov.in पर पहले ही उपलब्ध हैं।**

उम्मीदवारों की स्टेनोग्राफी शॉर्टहैंड और ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर 01.02.2024 से अपलोड किये जाएंगे। सभी शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवार (श्रेणीवार सूची आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर शीघ्र ही अधिसूचित की जाएगी) जो उपरोक्त ग्रुपों में परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, अपने प्रवेश-पत्र 01.02.2024 से डाउनलोड कर सकते हैं। **उम्मीदवारों को परीक्षा में आने से पूर्व प्रवेश-पत्र पर निर्देशों को बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ना और इनका सख्ती से पालन अवश्य करना चाहिए।**

**टिप्पणी : यदि कोई उम्मीदवार जो इन श्रेणियों के तहत आवेदन कर चुका है परन्तु आयोग द्वारा अपलोड किए गए उसके अनुक्रमांक प्राप्त नहीं करता है, तो उम्मीदवार आयोग कार्यालय में सभी सम्बद्ध दस्तावेजों सहित 03.02.2024 को अप. 2.00 बजे तक उपस्थित हो सकता है।**

आयोग द्वारा डाक के माध्यम से उम्मीदवारों को अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएंगी।

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 24 जनवरी 2024

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/610/2024/24491/88/6 दि. 25.01.24


Azadi Ka Amrit Mahotsav | Investor Education & Protection Fund Authority IEPF | G20

## विनिधानकर्ता शिक्षा और सरंक्षण निधि प्राधिकरण

## सार्वजनिक घोषणा

निवेशक/जमाकर्ता जिनके शेयर, अवैतनिक लाभांश, परिपक्व जमा या डिबेंचर आदि कंपनी अधिनियम, 1956/2013 के तहत निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में स्थानांतरित कर दिए गए हैं, वे ऑनलाइन धन वापसी का दावा कर सकते हैं।

**दावा कैसे दर्ज करें ?**

1. एमसीए की वेबसाइट www.mca.gov.in पर खुद को पंजीकृत करें।
2. आईईपीएफए की वेबसाइट पर "Instruction Kit" के निर्देश अनुसर फॉर्म भरें।
3. स्वतः उत्पन्न क्षतिपूर्ति बांड उचित राज्य मूल्य के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
4. ऑनलाइन जमा की गई पावती और फॉर्म का प्रिंट आउट लें और सभी मूल दस्तावेजों को ई-सत्यापन के लिए कंपनी को भेजें।
5. ई-सत्यापन रिपोर्ट के साथ कंपनी द्वारा प्रस्तुत किए गए समर्थन दस्तावेजों की उचित जांच के बाद, आईईपीएफए द्वारा शेयर/लाभांश स्वीकृत किए जाएंगे।

अपने पंजीकृत यूजर आईडी और एसआरएन का उपयोग करके अपने दावों/धनवापसी की स्थिति को ट्रैक करें। www.mca.gov.in>MCA Services>Investor Services>Track IEPF-5 SRN


**एक कदम निवेशक की ओर**

75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्पेशल विन्डो सुविधा की एक पहल शुरू की गई है। यह सुविधा एमसीए 21 पोर्टल के माध्यम से धनवापसी/ दावा निपटान के लिए आवेदन करते समय 75 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के दावों को स्वत: प्राथमिकता देती है।

नोट:

- दावेदारों को सलाह दी जाती है कि वे ई-फॉर्म आईईपीएफ-5 तभी फाइल करें जब सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हों।
- आईईपीएफए केवल उन्ही सत्यापित संपर्क विवरण से संचार को स्वीकार करता है, जो दावेदारों द्वारा आईईपीएफ फॉर्म 5 ऑनलाइन भरते समय प्रदान किया गया है।
- ई-सत्यापन रिपोर्ट में कंपनियों द्वारा खारिज किए गए दावों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाता है।
- विसंगतियों को सुधारने एवं नया दावा प्रस्तुत करने हेतु, दावेदार कंपनियों और उनके नोडल अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।
- आईईपीएफ प्राधिकरण प्रतिभूतियों (सिक्युअरिटी) को लावारिस या अवैतनिक रहने से बचाने के लिए प्रतिभूतियों में नामांकन (नॉमिनी) की अनुमोदन करता है।

*आईईपीएफए दावों वापसी की प्रक्रिया के लिए कभी भी किसी दलाल/एजेंट/बिचौलिए की भागीदारी का समर्थन नहीं करता है।



जागरूक निवेशक, सतर्क निवेशक, सशक्त निवेशक

हमारे टोल फ्री नंबर पर कॉल करें ✆ 1800 114 667 | किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, हमें ई-मेल करें iepf@mca.gov.in

अधिक जानकारी के लिए

/IEPFAuthority @authorityiepf @iepfa youtube.com/@iepfa8749 iepfauthority

CBC 07110/12/0004/2324

# बिहार में राजद और जदयू के गठबंधन में तल्खी


## बड़ा सियासी उलटफेर होने का संकेत, भाजपा में भी हलचल तेज

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर हो सकता है। राजनीति में परिवारवाद पर नीतीश कुमार के बयान के बाद से ही राजद और जदयू में तल्खी बढ़ गई है। सीएम हाउस में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राबड़ी आवास पर लालू और तेजस्वी अपने पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। सीएम हाउस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इधर बदलते सियासी घटनाक्रम को लेकर भाजपा में भी हलचल दिखाई दे रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शाम साढ़े सात बजे अपने आवास पर बिहार के भाजपा नेताओं के साथ बैठक करेंगे। पार्टी ने बिहार प्रदेशाध्यक्ष सम्राट चौधरी को तुरंत दिल्ली पहुंचने का आदेश दिया है। वह पूर्व डिप्टी सीएम रेणू देवी के साथ रवाना हो गए हैं। वहीं बिहार से आने वाले सभी केंद्रीय मंत्रियों को भी दिल्ली पहुंचने को कहा गया है।

नीतीश-तेजस्वी की अपने-अपने नेताओं के साथ बैठकें कीं

बिहार से आने वाले सभी केंद्रीय मंत्रियों को भी दिल्ली पहुंचने को कहा गया



### सीएम हाउस में 2 घंटे चली बैठक

सीएम हाउस में दो घंटे बैठक चली। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मंत्री संजय झा सीएम हाउस में उपस्थित है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और वित्त मंत्री विजय चौधरी आधे घंटे पहले बाहर निकल आए हैं। विजय चौधरी सीएम के साथ बैठक करने के बाद नालंदा निकले।

### केसी त्यागी बोले इंडि गठबंधन में कोई आंच नहीं

दिल्ली में जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा इंडि गठबंधन में कोई आंच नहीं है। नीतीश जी का बयान लालू जी और सोनिया गांधी पर नहीं था। कर्पूरी ठाकुर की प्रशंसा में दिया गया बयान था। रोहिणी आचार्य के ट्वीट पर कहा कि बच्चों को बड़े के मामलों में नहीं बोलना चाहिए।

### नीतीश के नेतृत्व में बीजेपी को रोकेंगे : शिवानंद

लालू यादव के करीबी और आरजेडी के सीनियर लीडर शिवानंद तिवारी ने इस बीच बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कल कर्पूरी जी के बहाने बिहार की राजनीति के तीनों खेमों ने अपनी अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। यह माना जाता है कि बिहार के तीन में दो खेमें जिधर रहते हैं, बहुमत उधर ही रहता है। कल के तीनों कार्यक्रम की ताकत से स्पष्ट हो गया है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन लोकसभा के चुनाव भाजपा के अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को बिहार में ही पकड़ कर बांध देगा। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के महागठबंधन की यह भूमिका इतिहास में दर्ज होगी।

# भारत सैन्य ताकत, महिला शक्ति के भव्य प्रदर्शन के साथ 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न मनाएगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश कर्तव्य पथ पर शुक्रवार को 90 मिनट की परेड के दौरान अपनी बढ़ती सैन्य ताकत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के भव्य प्रदर्शन के साथ 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न मनायेगा। देश की महिला शक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों पर केंद्रित इस भव्य समारोह में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सशस्त्र बलों की परेड में मिसाइल, ड्रोन जैमर, निगरानी प्रणाली, वाहन पर लगे मोर्टार और बीएमपी-2 पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों जैसे घरेलू हथियारों और सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन किया जायेगा। पहली बार, तीनों सेवाओं का महिला दस्ता देश के इस सबसे बड़े समारोह में शामिल होगा। पहली बार एक और ऐतिहासिक घटना में, लेफ्टिनेंट दीप्ति राणा और प्रियंका सेवदा हथियार का पता लगाने वाले 'स्वाति' रडार और पिनाका रॉकेट प्रणाली का परेड में नेतृत्व करेंगी। लेफ्टिनेंट दीप्ति राणा और प्रियंका सेवदा पिछले साल आर्टिलरी रेजिमेंट में नियुक्त हुई 10 महिला अधिकारियों में से हैं। परेड की शुरुआत पारंपरिक सैन्य बैंड के बजाय पहली बार 100 से अधिक महिला कलाकारों द्वारा शंख, नादस्वरम, नागाडा जैसे भारतीय संगीत वाद्ययंत्र बजाने से होगी। भारतीय वायु सेना के 'फ्लाई-पास्ट' के दौरान लगभग 15 महिला पायलट भी 'नारी शक्ति' का प्रतिनिधित्व करेंगी। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की टुकड़ियों में भी केवल महिला कर्मी शामिल होंगी। गणतंत्र दिवस परेड सुबह दस बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी और लगभग 90 मिनट तक चलेगी। समारोह की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'राष्ट्रीय समर स्मारक' पर जाने से होगी, जहां वह शहीद हुए नायकों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।



## मोदी ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद को लेकर साधा विपक्ष पर निशाना

# युवा मतदाताओं का वोट तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को भ्रष्टाचार और परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनकी सरकारों के कार्यकाल में भारत के युवाओं का भविष्य 'अंधकारमय' बना दिया गया था जबकि मौजूदा केंद्र सरकार उन्हें उस स्थिति से बाहर निकाल कर लायी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से आयोजित 'नमो नवमतदाता सम्मेलन' को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह आजादी से 25 साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र कराने का दारोमदार था, उसी तरह 2047 तक यानी आने वाले करीब 25 सालों में युवाओं पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं को पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होने के फायदे गिनाते हुए कहा कि इससे अनुच्छेद 370 को निरस्त करने व अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार खत्म होता है और वैश्विक स्तर पर भारत की साख भी बढ़ती है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर किया आह्वान



### शासकों की तरह राज करने वालों ने समाज को बांटा

**बुलंदशहर (उप्र) (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर इस राज्य के विकास को अवरुद्ध रखने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि लंबे समय तक यहां 'शासकों' की तरह सरकार चलाने वालों ने सत्ता पाने के लिये समाज का बंटवारा किया जिसकी कीमत अनेक पीढ़ियों ने चुकाई है और देश को भी इसका गहरा नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री ने पुलिस शूटिंग रेंज ग्राउंड में आयोजित एक कार्यक्रम में 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 46 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके बाद अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा, "आजादी के बाद लंबे समय तक भारत में विकास को सिर्फ कुछ ही क्षेत्र में सीमित रखा गया। देश का बहुत बड़ा हिस्सा विकास से वंचित रहा। उत्तर प्रदेश पर भी ध्यान नहीं दिया गया जहां देश की सबसे अधिक आबादी बसती थी।" उन्होंने कहा, "यह इसलिए हुआ क्योंकि लंबे समय तक यहां सरकार चलाने वालों ने शासकों की तरह बर्ताव किया। जनता को अभाव में रखने का और समाज में बंटवारे का रास्ता उनको सत्ता पाने का सबसे सरल माध्यम लगा। इसकी कीमत उत्तर प्रदेश की अनेक पीढ़ियों ने चुकाई है और देश को भी इसका बहुत बड़ा नुकसान हुआ है।" मोदी ने कहा, "जब देश का सबसे बड़ा राज्य ही कमजोर हो तो देश कैसे ताकतवर हो सकता था। मैं तो उत्तर प्रदेश का सांसद हूं और उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने में मेरी विशेष जिम्मेदारी है।

### भाजपा का चुनावी अभियान गीत जारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान का गीत जारी किया। पार्टी की ओर से जारी इस गीत के वीडियो में इस बात को रेखांकित किया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वादों को और कैसे लोगों के सपनों को पूरा किया। इसमें दर्शाया गया है कि जब 2014 में लोगों ने उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में चुना तब देश की क्या हालत थी और पिछले 10 सालों में वह समाज के हर वर्ग के लिए क्या बदलाव लाए। इस गीत का मुख्य वाक्य है 'सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं'। पार्टी ने कहा कि यह गीत 'मोदी की गारंटी' पर आधारित लोकप्रिय भावना को दर्शाता है। नड्डा ने भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से आयोजित 'नमो नवमतदाता सम्मेलन' के दौरान यह गीत जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी भी इस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

### कर्नाटक के पूर्व सीएम शेट्टार कांग्रेस छोड़कर भाजपा में लौटे

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और लिंगायत समाज के बड़े नेता जगदीश शेट्टार भाजपा में लौट आए हैं। शेट्टार 7 महीने पहले (अप्रैल 2023) में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। वे कर्नाटक विधानसभा चुनाव में टिकट कटने से नाराज थे। दिल्ली भाजपा कार्यालय में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की मौजूदगी में शेट्टार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पार्टी मुख्यालय में शेट्टार के साथ पूर्व मुख्यमंत्री वीएस येदियुरप्पा और कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र भी मौजूद थे।

### कश्मीर में 3 'हाइब्रिड' आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हथियारों की खेप का आदान-प्रदान करते समय तीन 'हाइब्रिड' आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'हाइब्रिड' आतंकवादी वे होते हैं जो हमले करते हैं और फिर वापस नियमित जीवन जीने लगते हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया समूहों पर निगरानी और सटीक नजर रखने से उत्तरी कश्मीर में उरी सेक्टर के बोनियार इलाके से आतंकवादियों की गिरफ्तारी हुई जिससे गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़ी घटना टल गई।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Aditya Singh Yadav
Civil Judge (Junior Division),
Sharmila w/o Parveen
Vs.
General Public
CNR No. HRRH02-002102-2023
Next Date : 30.01.2024
it is therefore prayed that decree may kindly be passed in favour of plaintift
PUBLICATION ISSUED TO :
General Public :-
Haryana
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 30.01.2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge
(Junior Division), Rohtak
Dated, this day of 25.01.2024

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Sonia Sheokand
Sub Divisional Judicial Magistrate
Ganaur
Bitander Vs. Sunil Saini
CNR No.:- HRSOA1-000106-2018
Next Date:-28-02-2024
Detail of offence:-
NOTICE TO :
Sunil Saini
Father:- Dharmbir Saini
Vill Gumar Distt. Sonipat at present ward no.1 Saini Mohola Gandhi Nagar Ganaur, HARYANA
In above titled case, the accused could not be served. It is ordered that accused should appear in person or through counsel on 28-02-2024 at 10.00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/-
Sub Divisional Judicial Magistrate
Ganaur
Dated, this day of 25-01-2024

**THE MEHAM COOP. SUGAR MILLS LTD., MEHAM (ROHTAK)**
**TENDER NOTICE**
Original manufacturers/Distributors/Reputed & Experienced Contractors are required to submit their rates by e-tendering for following jobs/material. 1.) Purchase & AMC of Internet Lease Line 100 Mbps. 2.) L.D.P.E. liners. 3.) Tar Felting Over the Roof of Drier House for the Crushing Season 2023-24. 4.) Purchase of C.S. Bearing housing for Side Roller. 5.) Miscellaneous Items Including Pump. 6.) Insulation work. 7.) Sale of bagasse new. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering portal http://etenders.hry.nic.in as mentioned above items. The mill management reserves the right to accept/reject any/all tender/tenders, item/items without assigning any reason.
Sd/- Managing Director

### अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाएं 66 प्रतिशत घटी : शाह



**जम्मू (भाषा)।** जम्मू कश्मीर में शांति के एक नये युग की शुरूआत होने का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में आतंकी घटनाएं 66 फीसदी और नागरिकों की हत्याओं में 81 प्रतिशत की कमी आई है। शाह ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जम्मू कश्मीर को पर्यटन केंद्र के रूप में तब्दील करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया। शाह ने जम्मू में 100 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई और जम्मू कश्मीर प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों तथा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पाने वालों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा, "मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 को रद्द करने के बाद आतंकवाद से जुड़े मामलों में 66 प्रतिशत की कमी आई है। नागरिकों की हत्याओं में 81 प्रतिशत और सुरक्षा बलों की हत्याओं में 48 प्रतिशत की कमी आई है।'

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

### कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में प्रवेश

**कूचबिहार (पश्चिम बंगाल) (भाषा)।** राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' ने असम के गोलकगंज से गुजरते हुए राज्य में अपनी यात्रा समाप्त की और बृहस्पतिवार को सुबह पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर गई। असम के गौरीपुर में अपने रात्रि विश्राम के बाद राहुल गांधी ने राज्य में अपनी यात्रा के आठवें और आखिरी दिन की शुरुआत कुछ दूरी तक एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) के जरिये की और फिर गोलकगंज पहुंचने के लिए बस में सवार हुए। यात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस सांसद की एक झलक पाने के लिए इंतजार कर रहे थे। विपक्षी दल के नेता देबब्रत सैकिया ने पीटीआई-भाषा से कहा, "वह एक पंचायत कार्यालय में भी रुके, जहां सैकड़ों महिलाएं एक नयी घोषित सरकारी योजना का फॉर्म लेने के लिए एकत्र हुई थीं। वे कांग्रेस नेता का स्वागत करने के लिए कतार से आगे आईं और गांधी ने उनके साथ कुछ समय बिताया।" उन्होंने कहा कि गांधी ने अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ गोलकगंज शहर में एक स्थानीय स्टॉल पर चाय पी, जहां उन्होंने आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ बातचीत की। असम से कूचबिहार में यात्रा के प्रवेश करने पर कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने उनका स्वागत किया।

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे
फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण
ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार
रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया
पति-पत्नी अनबन,सौतन-दुश्मन
छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240

### कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसा, 12 लोगों की मौत

**शाहजहांपुर (उप्र) (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में बृहस्पतिवार को गंगा स्नान के लिए जा रहे 12 लोग भीषण कोहरे के कारण एक सड़क हादसे में मारे गए। गंगा स्नान के लिए जा रहे सभी श्रद्धालु उस ऑटोरिक्शा में सवार थे जो घने कोहरे के कारण विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

कार्यालय महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी, उपकेंद्र लोहारू व उपकेंद्र तोशाम में अप्रेन्टिस के लिए दिनांक 29.01.2024 से 30.01.2024 तक आवेदन माँगे गए हैं। जिनको apprenticeshipindia.org पोर्टल पर आवेदन किया जाना है। सभी आवेदन पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किये जाऐगें एवं कार्यालय में किए हुए आवेदन की छायाप्रति व दसवीं की फोटोकॉपीं, आधार कार्ड की कॉपी, जाति प्रमाण पत्र की कॉपी, आई.टी.आई. की छायाप्रति दिनांक 01.02. 2024 को सुबह 09:00 से सांय 03:00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें उक्त आवेदनों की छाया प्रति केवल दिनांक 01.02.2024 को ही जमा करवाएं। इससे पूर्व एंव इसके बाद किसी भी आवेदन को स्वीकृत नही किया जायेगा।

निम्नलिखित ट्रेड :-

| Sr.No. | Trade |
|---|---|
| 1 | Mechanic Diesel |
| 2 | Electrician |
| 3 | Welder |
| 4 | Steno Hindi |

हस्ता/-
महाप्रबन्धक,
हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी।
पीआरडीएच-1119/11/463/2024/24488/88/6 दि. 25.01.24

**कार्यालय पुलिस आयुक्त, सोनीपत**

अभियोग संख्या 08 दिनांक 20.01.24 धारा 346 द.प्र.स. थाना मोहाना जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान
**नाम**- जुगनी व पुत्र सलमान
**पत्नी** - नसीम
**पता**- वासी अगदपुर जोडी त. बडौत जिला बागपत यू.पी हाल बालाजी भट्ठा गुहना सोनीपत
**उम्र** - 25 वर्ष 1 वर्ष
**कद** - 4 फुट 6 इंच।
**हुलिया**:- रंग सावंला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर कद 4 फुट 6 उम्र 25 साल
**पहनावा** - सन्तरी रंग का सुट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुये है।
**पहनावा लड़के**- हरी सफेद लाल रंग की जर्सी



दिनांक 19.01.2024 को जुगनी व पुत्र सलमान पत्नी नसीम हाल वासी बालाजी भट्ठा गुहना जिला सोनीपत बिना बताये घर से कही पर चली गई है। अगर किसी थाना /व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करे।
प्रबन्धक थाना मोहाना - 7419410643
अनुसंधानकर्ता मो. नं.- 8929397055
कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903

हस्ता/-
अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस आयुक्त,
सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/2092/2024/24476/88/6 दि. 25.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका रानियां | एम.सी. रतिया में शहीद देवेन्द्र सिंह पार्क में पुनरोद्धार कार्य + 5 कार्य। | 23.01.2024 02.08.2024 | 1.52 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416527222 SECRATIA@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24472/I/88/6 दि. 25.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | एसडीओ सिविल निर्माण उपमंडल यूएचबीवीएन, अम्बाला हेतु एक अदद वाहन अर्थात जीप को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 29.01.2024 | ईएमडी 6000/- | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-127/2023-24 | 9356063248 xencivilpkl@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | एसडीओ ओपी एस/डिवी. यूएचबीवीएन बेरी हेतु चालक सहित पीछे की साइड से खुली बॉडी वाले 1 अदद वाहन जीप/बोलेरो वाहन को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 29.01.2024 | 1. निविदा दस्तावेज शुल्क- 500/- (प्रत्येक) + जीएसटी 18% अप्रतिदेय 2. ईएमडी राशि रु. 6000/- (प्रत्येक) - प्रतिदेय | www.uhbvn.org.in NIT-35XEN/BERI/2024-25 | 9315110303 xenopberi@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24465/I/88/6 दि. 25.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | (I) लगभग 1000 (+-, 10% अथवा - 10%) भागीदारों हेतु फुल मील के लिए भोजन और कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान - 5 दिन के लिए अर्थात, 9, 10, 11, 12, 13 फरवरी 2024 को फुल मील (II) 08.02.2024 को केवल डिनर और 14.02.2024 को केवल नाश्ते का प्रावधान, जिसके लिए भागीदारों की संख्या तिथि से कम से कम एक दिन पूर्व सूचित की जाएगी। | 25.01.2024 31.01.2024 | 25 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 Xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/24454/I/88/6 दि. 25.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा वन विकास निगम लिमिटेड, हिसार | जिला जीन्द में सेल डिपों में वन और गैर वन क्षेत्रों से स्टॉम्प्स को निकालने सहित, परिवर्तित करने के लिए, नाप, रिकार्डिंग, लोडिंग, कैरिज, अनलोडिंग और स्टेकिंग (लॉट्स बनाने के लिए) पेड़ों को गिराना और लॉगिंग प्रचालनों हेतु एस.ओ.आर. में वर्णित सभी सम्बन्धित कार्य और आवश्यक अतिरिक्त कार्यों सहित। | 23.01.2024 30.01.2024 | 99.95 लाख | hfdc.gov.in | 9467546775 gmhfdchsn@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/24456/I/88/6 दि. 25.01.24

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## खबर संक्षेप

### हकेंवि में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में बढ़ी आवेदन की अंतिम तिथि

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 26 दिसंबर 2023 से आरंभ हुई दाखिले हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) पीजी 2024 के अंतर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों आवेदन की अंतिम तिथि 24 जनवरी से बढ़ाकर अब 31 जनवरी 2024 कर दी गई है।

### भतीजी का यौन शोषण करने पर 10 साल की कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने रिश्ते की भतीजी का यौन उत्पीडन करने तथा धोखाधड़ी करने के जुर्म में दोषी चाचा को दस साल का कारावास तथा 11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारावास भूगतना होगा। सदर थाना नरवाना इलाके की एक युवती ने दो जून 2022 को गढ़ी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह रोहतक में पढ़ती है।

## नारनौल में मामूली बहस में दिया वारदात को अंजाम


# बेरहम पति: आरी से काटा पत्नी का गला, अपना गला भी रेता

- घायल को गंभीर अवस्था में पीजीआई रोहतक में भर्ती करवाया गया
- कनीना के अरिया बस स्टैंड पर लकड़ी का काम करता है आरोपित कंवल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। कारिया में मौके पर पहुंची अटेली पुलिस एवं कत्ल के बाद पड़ी पत्नी की डेडबॉडी।



अटेली क्षेत्र के गांव कारिया में एक पति ने अपनी पत्नी की लकड़ी काटने वाले हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसने खुद के गले पर आरी से वार किया। इससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची अटेली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नारनौल के नागरिक अस्पताल में पहुंचा दिया है। जबकि घायल को गंभीर अवस्था के चलते पीजीआई रोहतक में भर्ती करवाया गया है। आरोपी पति अपनी पत्नी के साथ गांव में किराए के मकान में रहता था। जबकि वह रेवाड़ी जिले के गांव जैनाबाद डहीना का रहने वाला है। रेवाड़ी जिला के जैनाबाद डहीना निवासी केवल राम अपनी पत्नी मोना के साथ कारिया बस स्टैंड पर अस्थाई रूप से रह रहा था। वह यहां पर लकड़ी का काम करता था। वीरवार को किसी बात को लेकर उसकी पत्नी के साथ उसकी कहासुनी हो गई। इस दौरान उसने लकड़ी काटने वाली आरी से अपनी पत्नी मोना का गला काट दिया, जिसके कारण उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पत्नी की मौत हो जाने के बाद उसने अपने गले पर भी हथियार से वार कर लिया, जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी घायल को अटेली अस्पताल पहुंचाया। आगामी उपचार के लिए रोहतक रेफर कर दिया गया, जबकि पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर उसको पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचा दिया। वहीं मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने जांच शुरू कर दी।

# कच्ची शराब बनाकर दिल्ली में सप्लाई करने वाला आरोपी धरा

- आरोपी से मौके पर 30 लीटर कच्ची शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

थाना सुरजकुण्ड प्रभारी रामवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कच्ची शराब बनाकर सप्लाई करने वाले आरोपी को कच्ची शराब सहित काबू किया है। गुप्त सूत्रों से अंनगपुर पहाड़ों में कच्ची शराब बनाकर दल्लिी सप्लाई करने की सूचना प्राप्त हुई।

जिस पर थाना सुरजकुण्ड प्रभारी ने एक टीम तैयार कर मौके पहुंचे। टीम ने संगम विहार जाने वाली पगडंडी पर झाडियां के रास्ते में छुप कर आरोपी का इंतजार किया। कुछ समय बाद एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आते हुए नजर आया जिसको पुलिस कर्मियों की सहायता से काबू किया गया। आरोपी से मौके पर 30 लीटर कच्ची शराब बरामद हुए। आरोपी का नाम पता पूछने पर पता चला की आरोपी जितेंन्द्र गांव अनंगपुर का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ थाना सुरजकुण्ड में अवैध शराब बनाने व बेचने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पूछताछ में कच्ची शराब बनाने वाली भट्टी से लहान को बरामद किया गया। आरोपी ने पैसे कमाने के लालच में शराब बनाई थी। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**बहादुरगढ़।** फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित एक मकान में युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान करीब 30 वर्षीय अमित के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अमित बुधवार की रात को अपने कमरे में जाकर सोया था। वीरवार की सुबह उसका शव फंदे पर लटका हुआ मिला। जब तक परिजन संभालते, देर हो चुकी थी। सूचना पाकर सेक्टर-9 चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को नागरिक अस्पताल ले जाया गया। परिजनों के बयान के बाद पोस्टमार्टम करा दिया गया। युवक मानसिक रूप से परेशान था।

# एरिया बंटवारे को लेकर किन्नरों में घमासान, कई पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

एरिया बंटवारे को लेकर बावल के किन्नरों में भी घमासान शुरू हो गया है। धोखे से प्लाट बेचने और मारपीट करते हुए धमकी देने के आरोप में पुलिस ने तीन दर्जन से अधिक किन्नरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में किन्नर एकत्रित हो गए। पुलिस को दर्ज शिकायत में रामनिवास उर्फ मोनिका चेला प्रीत कौर ने वह और उसका गुरु बावल इलाका में बधाइयां लेते हैं। प्रीत कौर के नाम यह इलाका चंद्रकला गुरू ने किया था। इससे पहले चंद्रकला गुरू ने यह इलाका ज्योति किन्नर को दिया हुआ था। सेवा नहीं करने पर चंद्रकला ने बाद में यह इलाका प्रीत कौर को दे दिया। रामनिवास ने आरोप लगाया कि ज्योति किन्नर ने उनका एक प्लॉट धोखे से कागज तैयार कराकर 90 लाख रुपये में बेच दिया। बाद में सामाजिक तौर पर समझौता हो गया। उसने आरोप लगाया कि विवाद शांत होने के बाद मधु, सिवानी, इशिका, तब्बू, खुशी, रेणू निवासी नीमराणा व पूजा निवासी दिल्ली गाड़ियों में 30-40 किन्नर भरकर लाए और उनके मकान में घुसकर हमला कर दिया। इन लोगों ने जमकर मारपीट की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर कई किन्नरों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## संदिग्ध आरोपी से पूछताछ में हुआ खुलासा

# दिल्ली पुलिस के एसीपी के पुत्र की पानीपत में हत्या, शव को दिल्ली पेरलल नहर में फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दिल्ली पुलिस के आउटर नॉर्थ जिले के स्पेशल स्टॉफ में तैनात असिस्टेंट कमिश्नर (एसीपी) के बेटे की पानीपत में हत्या कर दी गई। 26 वर्षीय युवक लक्ष्य चौहान अपने दोस्तों के साथ शादी समारोह में शामिल होने रोहतक आया था। यहां से उसे किसी तरह पानीपत लाया गया। जहां उसकी हत्या कर शव को दिल्ली पेरलल नहर में फेंक दिया गया। इसका खुलासा दिल्ली पुलिस द्वारा पकड़े गए संदिग्ध आरोपी से पूछताछ में हुआ है। इधर, आरोपी की निशानदेही पर दिल्ली पुलिस की दो टीमें गुरुवार दोपहर बाद पानीपत पहुंची। यहां पुराना औद्योगिक थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दिल्ली पेरलल नहर में गोताखोरों की मदद से लक्ष्य चौहान के शव की तलाश करवाई गई। तलाशी के बाद भी लक्ष्य का शव बरामद नहीं हुआ। शुक्रवार को फिर से जाटल से आगे सोनीपत तक सर्चिंग अभियान चलाए जाने की संभावना है। लक्ष्य चौहान 23 जनवरी को अपने दोस्तों के साथ रोहतक में आयोजित हुए विवाह समारोह में अपने दोस्तों के साथ पहुंचा था। लेकिन आरोपितों ने उसे पानीपत ले आए और हत्या कर दी।

# सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी 'शैक्षिक' की फाइनल कट लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी शैक्षिक वार्षिक परीक्षा फरवरी व मार्च 2024 के सभी राजकीय एवं अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों तथा गुरुकुल व विद्यापीठों के परीक्षार्थियों की फाइनल कट लिस्ट 24 जनवरी से लाइव कर दी गई हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा संचालित करवाई जाने वाली सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी शैक्षिक वार्षिक परीक्षा फरवरी व मार्च 2024 के लिए विद्यालयी परीक्षार्थियों की फाइनल कट लिस्ट विद्यालयों की लॉगिन आईडी पर 24 जनवरी से अपलोड कर दी गई हैं। कट लिस्ट में दर्ज विवरणों जैसे नाम, पिता का नाम, माता का नाम, फोटो, हस्ताक्षर, लिंग, जन्म तिथि, आधार नम्बर, विषय, जाति इत्यादि में कोई अशुद्धि है तो वे 7 फरवरी, तक ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से करा सकते हैं।

## राज्य में अवैध खनन के खिलाफ विशेष अभियान

# 137 साइट्स और 614 वाहनों की पड़ताल, 93 वाहन किए जब्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की कार्रवाई से हड़कंप

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो और खनन अधिकारियों की एक संयुक्त टीमों ने गत दिवस पूरे राज्य में अवैध खनन के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जिसके तहत 137 साइट्स और 614 वाहनों की जांच/निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 93 वाहनों को जब्त (इंपाउंडेड) किया गया। उन्होंने बताया कि अवैध खनन में लगे वाहनों में 23 ट्रैक्टर ट्रॉली, 31 हाईवा/डंपर, 4 जेसीबी और 35 ओवरलोडेड वाहनों को जब्त (इंपाउंडेड) किया गया। कुल 93 वाहनों को जब्त किया गया अंबाला में 1, कुरुक्षेत्र में 2, पंचकूला में 2, फरीदाबाद में 5, पलवल में 3, नूह में 7, गुरुग्राम में 12 वाहन जब्त किए।


## एचएसवीपी के 72 करोड़ फर्जी खातों में डलवाने का मामला

# फर्जी कंपनियों की प्रॉपर्टी और खर्चों में हुआ इस्तेमाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के 72 करोड़ फर्जी खातों में डलवाने संबंधी मामले में लगातार खुलासे हो रहे हैं। जांच पड़ताल के दौरान खुलासा हुआ है कि फर्जीवाड़े में फर्जी कंपनियों को संपत्ति खरीद औऱ अन्य खर्चों में भी पैसे का इस्तेमाल किया गया।

जानकारी अनुसार यूनिसिटी कंस्ट्रक्शन जैसी फर्जी कंपनियों को पैसा दिया गया औऱ उन्होंने निवेश किए। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में तलाशी औऱ जांच पड़ताल के दौरान 19 लाख कैश और प्रॉपर्टी संबंधी दस्तावेज कब्जे में लिए हैं। करोड़ों के फर्जीवाड़े में 115 बैंक खातों की जांच-पड़ताल का सिलसिला जारी है। ईडी की जांच में बैंक डिटेल के साथ ही अहम जानकारी मिली है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की आधिकारिक मेल से बैंक को लगभग 50 बार सूचना भेजकर अलग-अलग बैंक खातों में पेमेंट करने को कहा गया था।



## चिंतन

# देश के मतदाता अपने अधिकार को पहचानें

भारतीय लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा भी है और सबसे पुराना भी है। मतदाता लोकतंत्र के भाग्यविधाता हैं। आज 25 जनवरी को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर देश में वोटरों की स्थिति और चुनाव प्रक्रिया, राजनीतिक सुधार आदि विषयों पर विवेचना जरूरी है। जबसे भारत में मतदाताओं को लुभाने के लिए 'रेवड़ी कल्चर' ने तेजी पकड़ी है, तब से जहां एक तरफ राजनीतिक शुचिता की मांग बढ़ी है, वहीं इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए चुनाव सुधार व केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकार में वृद्धि की जरूरत भी महसूस हुई है। एक स्वायत्त संस्था होने के बावजूद चुनाव आयोग पर सत्ता पक्ष के हितों में काम करने के आरोप लगते रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चुनाव प्रक्रिया में तकनीक के इस्तेमाल को दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण कहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि केंद्रीय चुनाव आयोग संविधान प्रदत्त अपनी शक्ति व क्षमता से देश में सभी तरह के चुनावों को कराने में सफलता अर्जित की है, ईवीएम और वीवीपैट से चुनाव कराने में भारत विश्व में अग्रणी है, लेकिन इसके बावजूद न ही देश में रेवड़ी कल्चर पर रोक लग सकी है, न ही राजनीतिक दलों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आई है और न ही देश में अपेक्षित चुनाव सुधार हो सका है। सरकार जरूर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाती रहती है। सरकार ने 'माई वोट माई ड्यूटी' लघु फिल्म से एक वोट की शक्ति के महत्व को बताया है। इसके बावजूद मतदाताओं को प्रलोभन देने की प्रवृत्ति बढ़ी ही है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने युवा मतदाताओं में देश को बदलने की शक्ति को रेखांकित किया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सभी चुनावों के लिए एक ही मतदाता सूची की वकालत की है। यदि ऐसा होता है तो यह बड़ा चुनावी सुधार होगा। आधार लिंक्ड स्मार्ट मतदाता पहचान पत्र बनना चाहिए। देश में 'एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य' के सिद्धांत पर मतदान हो रहा है, लेकिन इस राजनीतिक प्रणाली में खामियां भी हैं। सुशासन के लिए सबसे अच्छे नागरिकों का चयन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। चुनाव से पूर्व तक मतदाता सूची अपूर्ण रहती है। निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या में बहुलता भी एक बड़ी समस्या है। राजनीति के अपराधीकरण, जाति व धर्म को केंद्र में रखकर टिकट वितरण, चुनाव में धन बल के अनुचित प्रयोग हमारी चुनाव व्यवस्था के गंभीर दोष हैं। वर्ष 1974-75 में तारकुंडे समिति, वर्ष 1990 में चुनाव सुधार पर दिनेश गोस्वामी समिति, वर्ष 1993 में राजनीति के अपराधीकरण पर वोहरा समिति, वर्ष 1998 में चुनावों में राज्य वित्तपोषण पर इंद्रजीत गुप्ता समिति, वर्ष 1998 व 2004 में चुनाव सुधारों पर विधि आयोग की रिपोर्ट, वर्ष 2007 में शासन में नैतिकता पर वीरप्पा मोइली समिति, वर्ष 2010 में चुनाव कानूनों और चुनाव सुधार पर तनखा समिति की अनुशंसाओं के आधार पर चुनाव प्रणाली, चुनाव मशीनरी और चुनाव प्रक्रिया में कई सुधार किए गए हैं। मतदान की आयु 18 वर्ष की गई। ईवीएम का प्रयोग, एक्ज़िट पोल पर प्रतिबंध, चुनावी खर्च पर सीलिंग, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान, नोटा आदि उपाय भी किए गए हैं। इसके बावजूद साफ-सुथरे चुनाव चुनौती बने हुए हैं। चुनाव के दौरान नेताओं के धार्मिक स्थलों पर जाने और धार्मिक नारे लगाए जाने, पेड न्यूज़ और फेक न्यूज़ पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। एक राष्ट्र एक चुनाव की दिशा में बढ़ने की जरूरत है। सबसे अधिक जरूरत मतदाता अपने अधिकार के महत्व को पहचानें और जागरूक होकर लोकतंत्र के सही अर्थ को स्थापित करें। प्रलोभन में ना पड़ें।

# पुरुषार्थ व राष्ट्रप्रेम के अद्भुत संगम



पुण्यतिथि
प्रो. सुरेन्द्र कुमार

**यद्यपि चौधरी मित्रसेन की नश्वर देह को पूरा हुए 13 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, पर उनके द्वारा स्थापित विभिन्न औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण-संस्थान, गुरुकुल तथा अन्य सामाजिक न्यास आदि अपने कार्यकलापों से उनके हमारे आसपास ही होने का निरंतर आभास कराते हैं। वे अपनी भौतिक देह से भले ही हमारे बीच में नहीं हैं, पर अपने कीर्तिमय शरीर से वे सब समय और सब जगह अपने निम्नलिखित प्रकार के सहस्रों अमृतमय वचनों से हमारा मार्गदर्शन करते हुए दिखाई देते हैं। चौधरी मित्रसेन ने आर्य मर्यादाओं के अनुकूल अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया, जिन मर्यादाओं की प्रतिष्ठा उन्होंने अपने घर में की, वे उनके परिवार में आज भी विद्यमान हैं।**

27 जनवरी को चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि है। आज से 13 वर्ष पूर्व 27 जनवरी 2011 को 80 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने नश्वर शरीर का परित्याग किया था। यद्यपि वे अपनी भौतिक देह से आज हमारे बीच में नहीं है, किन्तु उनका यशःशरीर आज भी हमारे बीच में विद्यमान है, जो अपनी अनंत सत्प्रेरणाओं से हमारे जैसे अनेक भूले भटके लोगों को कल्याण के मार्ग की ओर प्रेरित करता रहता है।

चौधरी मित्रसेन का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी नामक ग्राम में हुआ था। भारतीय इतिहास में यह वह समय था जब भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के पश्चात देश में स्वतंत्रता की सुगबुगाहट दूर-दूर तक फैल रही थी। भारत का उस समय का यह संयुक्त प्रांत पंजाब इस हलचल से विशेष रूप से आंदोलित था। देश के नगर-नगर, गांव-गांव में नर और नारी देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए जाने वाले संघर्षों के लिए स्वयं को संकल्पित कर रहे थे। ऐसे देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत वातावरण में चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्म हुआ। आपके पिता चौधरी शीशराम पेशे से किसान थे और आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए अवैतनिक रूप से उपदेशक का कार्य भी करते थे। भारत की स्वतंत्रता का शंखनाद करने वाले महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा संस्थापित आर्य समाज की विचारधारा के उपदेशक, देशप्रेमी पिता के संस्कारों की छाप बालक मित्रसेन पर भी पड़ी।

10 वर्ष की आयु तक सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन तभी काले मोतियाबिंद के कारण पिता चौधरी शीशराम की आंखों की रोशनी सदा के लिए चली गई। विपत्ति अकेले नहीं आती की कहावत चरितार्थ हुई और चाचा हरिदास जी और बलवंत जी की छत्रछाया भी परिवार के ऊपर से उठ गई। परिवार के सामने उपस्थित हुए इस गहरे संकट के समय बालक मित्रसेन को अपनी तीसरी कक्षा की पढ़ाई बीच में ही छोड़कर बहुत कम आयु में ही खेती का काम संभालना पड़ा।

पिता और परिवार से मिले संस्कारों के बलबूते दृढ़ संकल्पों से भरे हुए बालक ने परिवार की बागडोर बखूबी संभाल ली। खेती का काम संभालते ही बुद्धिमान व पुरुषार्थी बालक ने यह जल्दी ही समझ लिया कि बिना उद्योग के केवल अकेले खेती के सहारे अपेक्षित प्रगति कर पाना बहुत मुश्किल है। अतः उन्होंने रोहतक में लेथ एंड इंजिन बोरिंग की मशीन पर कार्य करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। फिर 1949 में कुछ समय तक सोनीपत में एटलस साइकिल में नौकरी की, उसके बाद 1950 में रोहतक के बिजली घर में कार्य किया। इन सभी स्थानों पर कार्य करते हुए युवक मित्रसेन ने तकनीकी काम में महारत हासिल कर ली और इसके बाद 1954 में उदयपुर के कारखाने में कार्य किया। इस समय तक उन्हें इस क्षेत्र का पर्याप्त अनुभव हो चुका था। अतः उन्होंने उदयपुर में कार्य करते करते यह संकल्प किया कि अब अपना ही उद्योग आरंभ करना चाहिए और इस दृढ़ संकल्प के साथ 1955 में उन्होंने लेथ एंड इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना रोहतक में स्थापित किया।




बचपन में ही परिवार से देशप्रेम के जो संस्कार मिले थे वे युवा होते-होते इतने परिपक्व हो गए के 1957 के हिंदी सत्याग्रह में उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया और सत्याग्रह करते हुए एक महीने से अधिक का समय जेल में बिताया। जीवन में कार्यकुशलता, पुरुषार्थ राष्ट्रप्रेम का जैसा बेजोड़ संगम चौधरी मित्रसेन जी के जीवन में देखने को मिलता है वैसा अद्भुत संगम अन्यत्र खोज पाना बहुत कठिन है। एक ओर उनके उद्योग का विस्तार रोहतक से उड़ीसा प्रांत के बड़विल होते हुए देश और विदेश के विभिन्न क्षेत्रों तक जा पहुंचा और दूसरी ओर वे समाज के हितकारी कार्यों को भी अपने समय, श्रम और धन से निरंतर आगे बढ़ाते रहे। उन्होंने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी बुद्धिमत्ता, पुरुषार्थ, साहस और उदारता से जो मानदंड स्थापित किए हैं वे अतुलनीय हैं।

चौधरी मित्रसेन ने आर्य मर्यादाओं के अनुकूल अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया। जिन मर्यादाओं की प्रतिष्ठा उन्होंने अपने घर में की वे मर्यादाएं उनके परिवार में आज भी विद्यमान हैं। उनके परिवार के सभी सदस्य धार्मिक, ईश्वर उपासक, गुणानुरागी, राष्ट्रभक्त और पंच महायज्ञों के अनुष्ठाता हैं। प्रायः लक्ष्मी उपासकों के घर में सरस्वती का निवास नहीं देखा जाता, पर आपके परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का निवास है। आपकी और परिवार की सारस्वत अभिरुचि का ही यह परिणाम है कि आपके आश्रम तुल्य घर की चारदीवारी पर अंकित सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक के आर्यावर्त के इतिहास की गौरवमयी झलकियां रोमांचक हर्षातिरेक का अनुभव कराती हैं। खांडाखेड़ी गांव में निर्मित मित्र स्मृति स्तंभ में प्रस्तुत की गई झलकियों से यह स्पष्ट तौर पर प्रतीत होता है कि उनका परिवार उनके आदर्शों पर चलते हुए उनकी आर्थिक विरासत के साथ-साथ सामाजिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत के सहेजने के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

यद्यपि चौधरी मित्रसेन की नश्वर देह को पूरा हुए 13 वर्ष व्यतीत हो गए हैं, पर उनके द्वारा स्थापित विभिन्न औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण-संस्थान, गुरुकुल तथा अन्य सामाजिक न्यास आदि अपने कार्यकलापों से उनके हमारे आसपास ही होने का निरंतर आभास कराते हैं। वे अपनी भौतिक देह से भले ही हमारे बीच में नहीं है, पर अपने कीर्तिमय शरीर से वे सब समय और सब जगह अपने निम्नलिखित प्रकार के सहस्त्रों अमृतमय वचनों से हमारा मार्गदर्शन करते हुए दिखाई देते हैं कि-"सफलता का मूलमंत्र है आस्तिक भाव से उस ईश्वरीय सत्ता को स्वीकार करते हुए नेक इरादे और सच्चे मन से हंसते हंसते पुरुषार्थ करना"और यह कि "जिस भी समाज में आप रह रहे हैं उसमें इस तरह से रहना कि पड़ोसी को आपकी वजह से तकलीफ न हो। मन, वाणी और हाथ पैर से अपने से कमजोर को कभी हानि नहीं पहुंचाएं। अपने से कमजोर की रक्षा करना समर्थ की जिम्मेदारी है। जो मनुष्य सामर्थ्यवान होकर अपने से कमजोरों के प्रति दया, क्षमा और करुणा का भाव नहीं रखता वह समाज के लिए पशु से भी भयंकर है।"

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



मोडीकुड भगवती मंदिर तमिलनाडु के कन्याकुमारी के तट पर कोलावेल के पास स्थित मंदिर है। यह मंदिर माता भगवती की सुन्दर मूर्ति के आकर्षण के कारण लोकप्रिय बन गया है।

## शिवत्व की साधना



संकलित
दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छी या बुरी सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं, इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्याभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी, लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारी उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## दरकार
डॉ. रमेश ठाकुर



# कोचिंग संस्थानों पर नकेल कसें

कोचिंग संस्कृति पर लगाम के लिए बीते एकाध दशकों में केंद्र सरकार की ओर से कई मर्तबा आदेश पारित हुए, जिनमें बंदिशों के कई तरह के दिशा-निर्देश शामिल रहे, पर किसी भी सरकारी आदेशों को कोचिंग संस्थानों ने ज्यादा दिनों तक नहीं माना? जैसे ही शोर कम हुआ, फिर से मनमानी शुरू कर दी। अब फिर से कोचिंगों पर नया सरकारी आदेश जारी हुआ है, जिसमें 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों को कोचिंग की मनाही बताई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का ये कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन बात वहीं आकर अटक जाती है, ये आदेश कब तक और क्या गारंटी है कि ये आदेश कोचिंग वाले तत्काल प्रभाव से मानेंगे। आदेश अगर मुकम्मल हो जाए, तो राजस्थान कोटा में आए दिन छात्र आत्महत्या नहीं करेंगे। खैर, पुरानी बातों को छोड़कर अब कोचिंग संस्कृति पर लगाम की इस नई पहल पर व्यापक रूप से बहस की दरकार है। आमजन से लेकर हुकूमतें भी अब जान चुकी हैं कि कोचिंग सेंटर किस तरह से शिक्षा के नाम पर गोरखधंधा करने लगे हैं। वह शिक्षा और छात्रों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय ने अपने आदेश में 16 साल से कम उम्र के छात्रों का जिक्र किया है। लेकिन सच्चाई इससे भी कहीं इतर है। यहां आर्मी स्कूलों में दाखिले का जिक्र करना जरूरी हो जाता है जहां, छात्रों को तो 10 उम्र से ही कोचिंग लेने पर विवश किया जाता हैं। शायद सरकार का इस ओर ध्यान नहीं गया। देश में 33 अधिकृत सैनिक स्कूलों के अलावा 5 राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल और एक राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज है जिनमें दाखिले की परीक्षा यूपीएससी के बराबर मानी है, वहां बिना कोचिंग के छात्र परीक्षा किसी भी सूरत में पास नहीं कर सकता। सामान्य स्कूलों के छात्र सैनिक स्कूलों की एंट्रेंस परीक्षा नहीं निकाल सकते, इसलिए उन्हें मजबूरी में कोचिंग लेनी पड़ती है। ऐसी परीक्षाओं का पैटर्न हल्का किया जाए, इस ओर शिक्षा मंत्रालय को ध्यान देने की जरूरत है। आर्मी स्कूलों की परीक्षाओं का सिलेबस बहुत कठिन रखा जाता है। तभी इन परीक्षा को पास करवाने के लिए देशभर में सैकड़ों डिफेंस एकेडमियां संचालित हो रही हैं। वो अभिभावकों से मुंह मांगा पैसा वसूलती हैं। वहां कोई सरकारी सख्ती नहीं है, इसलिए इन पर सबसे पहले नकेल कसने की आवश्यकता है। कोचिंग के चक्रव्यूह में फंसना अब छात्रों-अभिभावकों की मजबूरी भी बन गई है। जिस छात्र को अगर चोटी की प्रतियोगी परीक्षा पास करनी है, तो उसके जेहन में अव्वल ख्याल कोचिंग संस्थाओं की ओर ही दौड़ता है। यूपीएससी के लिए दिल्ली का मुखर्जी नगर हो या जेई-इंजीनियरिंग के लिए राजस्थान का कोटा? कागजों में ये उच्च शिक्षा के लिए 'महाकुंभ' बन गए हैं, पर दुर्भाग्य ये है, दोनों स्थान अब 'आत्महत्या' के लिए भी मशहूर हो गए हैं। दिल्ली में भी ऐसा ही हाल है जहां दस हजार से भी ज्यादा कोचिंग संस्थाएं इस वक्त संचालित हैं जो अपनी कमाई का एक तिहाई हिस्सा सरकार को देती हैं। इसके अलावा दूसरे तरीकों से पुलिस-प्रशासन, नगर निगम व अन्य विभागों को चढ़ावे के रूप में भी ये संस्थांए धन लुटाती हैं। इसके बाद सहज अनुमान लगा सकते हैं कि आखिर कोचिंग माफिया खुलेआम मनमानी क्यों न करें?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। भारत में जितने भी चुनाव होते हैं, उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी भारतीय निर्वाचन आयोग की होती है जिसका गठन 25 जनवरी 1950 को हुआ था। संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार संसद, राज्य विधानमंडल, राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के पदों के निर्वाचन के लिए संचालन, निर्देशन व नियंत्रण की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। *- अजय पांडेय, भिलाई नगर*

## करंट अफेयर

# चेक सांसदों ने किया महिला अधिकार संधि को खारिज

चेक गणराज्य के सांसदों ने महिलाओं के अधिकारों पर एक अंतरराष्ट्रीय संधि का समर्थन किए जाने के खिलाफ मतदान किया है। चेक संसद के उच्च सदन में उपस्थित 71 सीनेटर में से केवल 34 ने बुधवार को इस्तांबुल संधि के समर्थन में मतदान किया, जबकि इसे पारित करने के लिए दो और सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी। मतदान के बाद, संसद का निचला सदन संधि पर आगे नहीं बढ़ेगा और चेक गणराज्य उन देशों में से एक होगा जिन्होंने दस्तावेज पर हस्ताक्षर तो किये हैं लेकिन उसका अनुसमर्थन नहीं किया है। यूरोपीय परिषद ने पूरे महाद्वीप में महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए 2011 में दस्तावेज को अंगीकृत किया था। चेक गणराज्य ने संधि पर 2016 में हस्ताक्षर किया था। मतदान ने रूढ़िवादी और उदारवादी सांसदों के बीच विभाजन को प्रदर्शित किया है। रूढ़िवादियों ने तर्क दिया कि यह दस्तावेज समाज में पुरुषों और महिलाओं के लिए पारंपरिक भूमिकाओं को चुनौती देता है तथा अन्य देशों में इसका अनुसमर्थन किये जाने से वहां महिलाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने में मदद नहीं मिली है। कई गिरिजाघरों ने भी इसका विरोध किया है।




## ऑफ बीट

# ताड़ का पेड़ जो वर्षावन के तल के नीचे रहता है

पश्चिमी बोर्नियो के समृद्ध जंगलों के बीच में, भूमिगत ताड़ के खाने योग्य फल के बारे में स्थानीय लोग अच्छी तरह से वाकिफ हैं और अकसर उनका नाश्ता करते हैं। लेकिन वनस्पति के इस चमत्कार पर लंबे समय तक वैज्ञानिक समुदाय द्वारा ध्यान नहीं दिया गया क्योंकि यह जमीन के अंदर फूल और फल देता है। पहली नज़र में, एक दुर्लभ ताड़ का पेड़, पिनंगा सबट्रेनिया, एक छोटे पौधे या अंकुर जैसा दिखता है। एक सामान्य ताड़ के पेड़ की तुलना में, पिनंगा भूमिगत अधिक कोमल और सुंदर दिखता है, जो इसे छोटी जगहों या घने जंगलों के लिए उपयुक्त बनाता है। इसके चमकीले लाल फल लगभग पूरी तरह से मिट्टी में छिपे रहते हैं। तो यह भूमिगत सुपरस्टार जंगल की ज़मीन के नीचे कैसे जीवित रहता है? पौधे मिट्टी से पानी और पोषक तत्वों को अवशोषित करने के लिए अपनी जड़ों का उपयोग करके बढ़ते हैं। उन्हें प्रकाश संश्लेषण नामक प्रक्रिया के माध्यम से अपना भोजन बनाने के लिए सूर्य के प्रकाश की भी आवश्यकता होती है। आमतौर पर, तने और पत्तियाँ जमीन से ऊपर होती हैं, प्रकाश की ओर ऊपर तक पहुँचती हैं। ताड़ के पेड़ आमतौर पर परागण और बीज फैलाव के लिए अपने फूल और फल जमीन के ऊपर विकसित करते हैं।



## ट्रेंड

### महिला सशक्तिकरण



भारत की रक्षा शक्ति में नारी शक्ति की भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जीवन के हर क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण हो रहा है। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर, देश की नारी शक्ति का भव्य स्वरूप, भारत ही नहीं पूरे विश्व को दिखाई देगा।
-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### संभावनाएं सुलभ होती



धान्य पूर्णिमा उस समय का प्रतीक है जब उच्च संभावनाएं उन सभी के लिए सुलभ होती हैं जो ग्रहणशील होते हैं। यह पूर्णिमा आपके जीवन को सर्वोत्तम तरीके से बढ़ाने और आध्यात्मिक प्रयास की अधिकतम फसल प्राप्त करने में सहायता करे।
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### कोई जवाब देगा



रामलला मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा धार्मिक आयोजन था या राजनीतिक? यह सनातन धर्म शास्त्र के अनुसार था या नहीं था? मैं हिन्दू धर्म प्रेमियों से पूछना चाहता हूं क्या निर्माणाधीन मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा होते देखी है? यजमान बिना पत्नी के बैठता है क्या?
-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### जीत सकते हैं पांच लाख



मैं मुंबई उत्सव के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में हूं। स्टार्टअप मुंबई चैलेंज जहां प्रसिद्ध उद्यमियों का एक टर्बोचार्ज्ड पैनल स्थिरता के क्षेत्र में स्टार्टअप्स की पिचें सुन रहा है। विजेता पांच लाख तक जीत सकते हैं। पिचें शुरू होने से पहले, पैनल उद्यमिता पर एक संवाद में लगा हुआ था।
-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# आस्ट्रेलियन ओपन : बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब से एक जीत दूर, फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

रोहन बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने से अब बस एक जीत दूर है जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ यहां आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने थॉमस माचाक और झांग झिंझेन की जोड़ी को गुरुवार को तनावपूर्ण सेमीफाइनल में 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया। करीब दो घंटे तक चले मैच में सुपर टाइ ब्रेकर्स में उनका अनुभव काम आया। झांग विश्व रैंकिंग में 54वें और माचाक 75वें स्थान पर हैं। दोनों एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में होने के साथ बेहद शानदार खिलाड़ी हैं और उन्होंने बोपन्ना तथा एबडेन को कड़ी चुनौती दी। एक दिन पहले ही बोपन्ना ने विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया था।

### सिमोन-आंद्रिया से होगा सामना

बोपन्ना ने मैच में दमदार सर्विस और स्ट्रोक्स का प्रदर्शन किया। वह 2013 और 2023 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे हैं लेकिन ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीत सके। अब 43 वर्ष की उम्र में वह अपना यह सपना पूरा करने से एक जीत दूर हैं। बोपन्ना और एबडेन का सामना अब इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावास्सोरी से होगा जिन्होंने जर्मनी के यानिक हांफमैन और डोमिनिक कोफेर को 6-3, 3-6, 7-6 से हराया।

### युगल सेमीफाइनल में माचाक-झिंझेन को 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया




*'सर्किट पर हमने कई सुपर टाइब्रेकर खेले हैं। हमारे प्रतिद्वंद्वियों का रिटर्न बेहतरीन था जिससे हमें सर्विस मजबूत रखनी थी। एबडेन के साथ मेरा तालमेल अच्छा रहा है।'* -रोहन बोपन्ना

*'मैं बहुत खुश हूं। घरेलू दर्शकों के सामने जीतना खास रहा। प्रतिद्वंद्वी काफी खतरनाक थे। युगल विशेषज्ञों का सामना एकल विशेषज्ञों से था और दर्शकों को मजा आया होगा। हम काफी मेहनत कर रहे हैं और अब एक मैच बाकी है।'* - मैथ्यू एबडेन



### सबालेंका ने गॉफ को हराया

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने गुरुवार को यहां कोको गॉफ को हराकर अमेरिकी ओपन फाइनल में हार का बदला चुकता किया और सेरेना विलियम्स के बाद लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में गॉफ को 7-6, 6-4 से हराया। शनिवार को होने वाले फाइनल में सबालेंका की भिड़ंत झेंग किनवेन से होगी। झेंग पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में खेल रही हैं। पिछले साल यहां खिताब जीतने वाली सबालेंका मेलबर्न पार्क पर लगातार 13 मैच जीत चुकी हैं। सेरेना ने 2015, 2016 और 2017 में लगातार तीन साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी।

## हरियाणा की दीपिका और पारस ने बनाए रिकॉर्ड

**चेन्नई।** हरियाणा की दीपिका और पारस सिंघल ने गुरुवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों में क्रमशः भाल फेंक और लड़कों की 2000 मीटर स्टीपलचेज में नए मीट (प्रतियोगिता) रिकॉर्ड बनाए। दीपिका ने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई। उन्होंने भाले को अपने तीसरे प्रयास में 56.79 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता। गुवाहाटी में खेलो इंडिया प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए रजत पदक जीतने वाली 18 साल की दीपिका ने पंचकूला में 51.37 मीटर के सथ पहली बार रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने पिछले साल भोपाल में 55.19 मीटर के साथ रिकॉर्ड में सुधार किया था। पारस ने 2000 मीटर स्टीपलचेज में छह मिनट 1.11 सेकेंड के अजित कुमार के पिछले साल के रिकॉर्ड को तोड़ा। हरियाणा के इस धावक ने पांच मिनट 53.74 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु ने गुरुवार को दांव पर लगे 17 में से आठ स्वर्ण पदक जीते। मेजबान तमिलनाडु ने कोयंबटूर में बास्केटबॉल में दोहरे स्वर्ण पदक के अलावा ट्रैक एवं फील्ड में छह स्वर्ण जीते। टीम 23 स्वर्ण, 12 रजत और 23 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर है। एथलेटिक्स में दो पदक जीतने के अलावा हरियाणा ने 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता और वह 21 स्वर्ण, 12 रजत और 29 कांस्य के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया।

- **खेलों इंडिया युवा खेलों में भाल फेंक और 2000 मीटर स्टीपलचेज में रचा इतिहास**

## टेस्ट : टीम इंडिया ने एक विकेट पर बनाए 119 रन

# अश्विन और जडेजा भारत की सबसे सफल जोड़ी, इंग्लैंड 246 रन पर ढेर

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

भारतीय स्पिन तिकड़ी ने इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति को बेअसर साबित करते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को उसे पहली पारी में 246 रन पर समेट दिया। मैच के दौरान रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। यह स्पिन जोड़ी अब टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे सफल जोड़ी बन गई है। उन्होंने एक जोड़ी के रूप में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट चटकाने के मामले में अनिल कुंबले और हरभजन सिंह की जोड़ी को पछाड़ दिया है। कुंबले-भज्जी की जोड़ी ने एक साथ मिलकर भारत के लिए 501 विकेट चटकाए थे, मगर अब अश्विन और जडेजा ने 502 विकेट अपने नाम कर भारत की सबसे सफल जोड़ी का टैग अपने नाम कर लिया है। जवाब में यशस्वी जायसवाल के शानदार अर्धशतक से मेजबान ने अच्छी शुरुआत भी की। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने 23 ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिए थे। शानदार फॉर्म में दिख रहे युवा तुर्क जायसवाल 70 गेंद में 76 रन बनाकर खेल रहे हैं। वहीं शुभमन गिल ने 14 रन बना लिए हैं।




### आठ विकेट स्पिनर के नाम

*सुबह स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज भारतीय स्पिन तिकड़ी का सामना नहीं कर सके। मददगार पिच पर रविचंद्रन अश्विन ने 68 और रविंद्र जडेजा ने 88 रन देकर तीन तीन विकेट चटकाए जबकि अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह को दो दो विकेट मिले।*




### भारतीय विकेटटेकर जोड़ी

| विकेट | खिलाड़ी |
|---|---|
| 502 | रविचंद्रन अश्विन/रविंद्र जडेजा |
| 501 | अनिल कुंबले/हरभजन सिंह |
| 474 | जहीर खान/हरभजन सिंह |
| 431 | रवि अश्विन/उमेश यादव |
| 412 | अनिल कुंबले/जवागल श्रीनाथ |

### वर्ल्ड रिकॉर्ड एंडरसन और ब्रॉड के नाम

*इंटरनेशनल क्रिकेट में एक जोड़ी के रूप में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के नाम है, जिन्होंने एक साथ मिलकर 1039 विकेट चटकाए हैं। एंडरसन और ब्रॉड के अलावा शेन वॉर्न और ग्लेन मैक्ग्रा की जोड़ी दूसरी ऐसी जोड़ी है जिसने 1000 से अधिक विकेट चटकाए है। मैक्ग्रा और वॉर्न ने मिलकर अपने करियर में 1001 विकेट चटकाए थे।*



### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्राउले का सिराज बो अश्विन | 20 | 40 | 3 | 0 |
| बेन डकेट पगबाधा बो अश्विन | 35 | 39 | 7 | 0 |
| पोप का शर्मा बो जडेजा | 01 | 11 | 0 | 0 |
| रूट का बुमराह बो जडेजा | 29 | 60 | 1 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो पटेल | 37 | 58 | 5 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 70 | 88 | 6 | 3 |
| फोक्स का भरत बो पटेल | 04 | 24 | 0 | 0 |
| अहमद का भरत बो बुमराह | 13 | 18 | 1 | 0 |
| टॉम हार्टले बो जडेजा | 23 | 24 | 2 | 1 |
| मार्क वुड बो अश्विन | 11 | 24 | 2 | 0 |
| जैक लीच नाबाद | 00 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 64.3 ओवर में 246/10
गेंदबाजी : बुमराह 8.3-1-28-2, सिराज 4-0-28-0, जडेजा 18-4-88-3, अश्विन 21-1-68-3 , अक्षर 13-1-33-2

## मुशीर का शतक, भारत अंडर-19 टीम ने आयरलैंड को 201 रन से रौंदा




भाषा ⏭ ब्लोमफोंटेन

मुशीर खान के शतक के बाद नमन तिवारी और स्वामी पांडे की धारदार गेंदबाजी से भारत ने अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में गुरुवार को यहां आयरलैंड को 201 रन से रौंदकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत के 302 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज तिवारी (53 रन पर चार विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर पांडे (21 रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 29.3 ओवर में सिर्फ 100 रन पर ढेर हो गई। आयरलैंड की ओर से 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए डेनियल फोर्किन ने सर्वाधिक नाबाद 27 रन बनाए। टीम ने 45 रन तक ही आठ विकेट गंवा दिए थे और उसकी हार का अंतर और बड़ा हो सकता था लेकिन फोर्किन ने ओलिवर रिली (15) के साथ नौवें विकेट के लिए 39 और लिन लुटोन (07) के साथ अंतिम विकेट के लिए 16 रन जोड़कर टीम का स्कोर तिहरे अंक तक पहुंचाया। फोर्किन और रिली के अलावा दोनों सलामी बल्लेबाज जोर्डन नील (11) और रेयान हंटर (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। इससे पहले भारत ने मुशीर के 118 रन और कप्तान उदय सहारन (84 गेंद में 75 रन) के साथ उनकी 156 रन की साझेदारी से सात विकेट पर 301 रन बनाए। भारत ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया था। दो मैच में दो जीत से भारत ग्रुप ए में चार अंक के साथ शीर्ष पर है और उसका अगले चरण में जगह बनाना लगभग तय है। मुशीर के बड़े भाई सरफराज ने भी गुरुवार को अहमदाबाद में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में 161 रन की पारी खेली। मुशीर ने 106 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और चार छक्के मारे। मुशीर 66 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद अगली 34 गेंद में शतक तक पहुंचे। भारतीय अंडर-19 टीम में शामिल संभवतः सबसे प्रतिभावान खिलाड़ी सचिन धास ने अंत में नौ गेंद में 21 रन की पारी खेलकर भारत का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया जो इस मैदान पर अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय मैच का सर्वोच्च स्कोर है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने नामीबिया को 7-2 से रौंदा

एजेंसी ⏭ मस्कट




भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को यहां हॉकी 5 महिला विश्व कप में नामीबिया को 7-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह भारतीय टीम की पूल सी में लगातार तीसरी जीत थी। टीम अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पूल डी में दूसरे स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड से भिड़ेगी।

भारतीय टीम ने पहले पोलैंड को 5-4 से और फिर अगले मैच में अमेरिका को 7-3 से मात दी। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरू में ही दो गोल कर नामीबिया को बिना समय लगाए 'बैकफुट' में पहुंचा दिया। उप कप्तान महिमा चौधरी ने तीसरे मिनट में गोल दागा और एक मिनट बाद ही दीपिका सोरेंग ने बढ़त दोगुनी कर दी। पहले हाफ में और कोई गोल नहीं हुआ लेकिन यह साफ था कि भारतीयों ने मैच में दबदबा बनाया हुआ था। नामीबिया ने मैच का पहला गोल दूसरे हाफ में जिवांका क्रुगर (18वें) की बदौलत किया। लेकिन भारत ने महिमा चौधरी (19वें) के दूसरे गोल से बढ़त 3-1 कर दी। इसके बाद दो मिनट के अंदर रूताजा दादासो पिसाल (22वें) और अक्षता अबासो ढेकाले (23वें) ने गोल दाग दिये।

## रंधावा सीनियर यूरो क्यू-स्कूल जीतने वाले पहले भारतीय

**अंताल्या।** अनुभवी गोल्फर ज्योति रंधावा सीनियर यूरोपीय टूर क्वालीफाइंग स्कूल के शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय बने और इस सत्र में लीजेंड्स टूर में खेलने का पूर्ण अधिकार हासिल किया। रंधावा ने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से चार शॉट आगे रहे। वर्ष 2022 में 50 बरस के हुए रंधावा 2023 में यूरोप में सीनियर टूर पर अपनी कुछ शुरुआती प्रतियोगिताएं खेली थी। उन्होंने अंताल्या के ग्लोरिया गोल्फ क्लब में 71, 67, 68 और 70 के स्कोर से कुल 276 का स्कोर बनाया। फ्रांस के लियोनल एलेक्जेंडर (72), इंग्लैंड के साइमन ग्रिफिथ्स (72) और स्पेन के कार्लोस बालमासेदा (72) 280 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

## लक्ष्य और प्रियांशु एकल से बाहर

**जकार्ता।** भारत के लक्ष्य सेन और प्रियांशु राजावत गुरुवार को यहां अपने प्री क्वार्टर फाइनल में सीधे गेम से हारकर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 इंडोनेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए। आठवीं वरीयता प्राप्त एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ मुकाबले में सेन ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन वह डेनमार्क के इस खिलाड़ी से 19-21 18-21 से हार गए। पहले दौर में सेन ने चीन के वेंग होंगयांग को 24-22 21-15 से मात दी थी। राजावत ने भी कनाडा के ब्रायन यांग के खिलाफ शुरुआती गेम में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन इतना ही काफी नहीं था और वह 18-21 14-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है-

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई-कैटलॉग | रेलवे स्टेशन के नाम | ई-नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रेलवे स्टेशन पर ए टी एम का ठेका आवंटन हेतु | UMB-ATM-01-2024 | अम्बाला छावनी (दो स्थानों पर) | 05.02.2024 को 11.00 बजे |
| 2 | 03 रेलवे स्टेशन पर Cloak रूम मनैजमेंट का ठेका आवंटन हेतु | UMB-CR-01-2024 | कालका, शिमला एवं सहारनपुर | 12.02.2024 को 11.00 बजे |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जायें।
298/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना
संख्याः एस.डब्ल्यू/सिग/अम्बाला/एन.आई.टी.-11/2023-24 दिनांक 23.01.2024

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने कि तिथि तथा समय | अनुमानित लागत रू. | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने कि अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी-27/2023-24 | सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विथ डिफरेंट सी.टी.आर/टी.टी.आर/टी.एस.आर./टी.बी.आर. ओवर अम्बाला डिवीजन। | 21.02.2024 at 15.00 Hrs | 5917632.03/- | Rs. 118400/- | 270 दिन |
| 2 | ओटी-28/2023-24 | सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विथ एफ.ओ.बी. ऐट वाई.जेड.यू.डी, यू.बी.सी., के.एल.के. एंड एस.ए.एस.एन. स्टेशनस ऑफ अम्बाला डिवीजन। | 21.02.2024 at 15.00 Hrs | 1686898.90/- | Rs. 33700/- | 180 दिन |
| 3 | ओटी-29/2023-24 | रिप्लेसमेंट ऑफ ओल्ड आर.टी.यू. टू अपग्रेड दा एस.सी.ए.डी.ए. सिस्टम ऐट आर.सी.सी./स्विचिंग पोस्ट्स ऐट सनेहवाल, कलानौर, बरारा, रूपनगर, भरतगढ़, नंगलडैम साधूगढ़, सिरहिन्द, फतेहगढ़सहिब एंड नोगावन। | 21.02.2024 at 15.00 Hrs | 11414853.52/- | Rs. 207100/- | 180 दिन |

नोटः- वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यो हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करे। 2. टैंडर डाक्यूमेंट व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई-टेंडरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-।।। डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैंडर नोटिस और टेंडर डक्यूमेंट में दी गई हिदायतों/शर्तो इत्यादि को टैंडर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।
295/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज भिवानी | जीवीडी बहल - गांव मंधोली कलां, ब्लॉक बहल, भिवानी में जी.वी.डी. का निर्माण (स्कीम आयुष)। | 22.01.2024 31.01.2024 | 38.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज भिवानी | डीसी ऑफिस - गांव तोशाम, ब्लॉक तोशाम, जिला भिवानी में हीरानंद ट्रस्ट पार्क का सौन्दर्यकरण। | 23.01.2024 30.01.2024 | 41.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज भिवानी | डीसी ऑफिस - गांव तोशाम, ब्लॉक तोशाम, जिला भिवानी में हीरानंद ट्रस्ट पार्क का नवीनीकरण। | 23.01.2024 30.01.2024 | 74.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज भिवानी | 2024 एचजीवीवाई - गांव कलिंगा में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण। | 23.01.2024 30.01.2024 | 80.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भडाना, ब्लॉक सोनीपत जैडपी में कर्मबीर के मकान से मनोज पुत्र रमेश के खेत तक बीओई रास्ते का निर्माण + 3 कार्य। | 24.01.2024 01.02.2024 | 46.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव बिल्लोना, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में पशुपालन अस्पताल के सामने से बाले वाला (किंड वाला) तक लोनिवि रोड के साथ-साथ नाला का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 1 कार्य। | 23.01.2024 29.01.2024 | 11.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | निराश्रित वृद्ध व्यक्तियों अपना आशियाना आश्रम, जन दल, इन्दिरा कॉलोनी, जुंडला गेट के सामने, करनाल हेतु हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 24.01.2024 30.01.2024 | 20.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | एस.डी.ए. - गांव टिपरा जी.पी. टिपरा, ब्लॉक मोरनी में धर्मशाला का निर्माण। | 24.01.2024 30.01.2024 | 5.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज कैथल | गांव बालु बिधान में सामुदायिक केन्द्र में शौचालय का निर्माण + 8 कार्य। | 24.01.2024 01.02.2024 | 51.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746247248 prexeeng.ktl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गांव कुरलान, ब्लॉक मुनक में लोनिवि रोड से समध गांव के खेत तक रास्ता का निर्माण + 6 कार्य। | 23.01.2024 06.02.2024 | 50.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | बक्शीवाला - गांव बक्शीवाला जी.पी. बक्शीवाला, ब्लॉक पिंजौर में एससी चौपाल की मरम्मत और रखरखाव + 4 कार्य। | 23.01.2024 29.01.2024 | 16.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज रोहतक | बखेता - हरिजन चौपाल बखेता में 20*20 हॉल का निर्माण (वीएजीवाई) + 13 कार्य। | 21.01.2024 06.02.2024 | 519.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | भिवानी सब ब्रांच के आरडी 25600-आर पर नये पम्प हाउस पर सम्बद्ध सामग्री सहित 01 अदद 5 टन ईओटी क्रेन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 30.01.2024 | 19.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 14 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | निर्माण सदन बिल्डिंग सेक्टर-33 चण्डीगढ़ में सेंट्रल एयर कंडीशनिंग सिस्टम (2×150 टीआर) के प्रचालन और व्यापक रखरखाव हेतु एएमसी (अवधि 01.01.2024 से 31.12.2025 हेतु) (दो वर्ष)। | 24.01.2024 12.02.2024 | 23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2618279 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 15 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पंचकूला | मेडिकल गैसेज (नाइट्रस ऑक्साइड, कार्बन डाईऑक्साइड और मेडिकल ऑक्सीजन गैस) की खरीद। | 27.01.2024 03.02.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज भिवानी | 5734 - गांव ढाणी श्यामा ब्लॉक लोहारु में शमशान घाट शैड पानी की टंकी और रास्ता का निर्माण एचआरडीएफ + 15 कार्य। | 24.01.2024 29.01.2024 | 158.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज सोनीपत | गांव जैनपुर, ब्लॉक मुरथल में सामान्य चौपाल में हॉल का निर्माण + 9 कार्य। | 25.01.2024 01.02.2024 | 94.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज खरखौदा, सोनीपत | गांव मौजम नगर, ब्लॉक खरखौदा में सीएचसी फरमाना में राजकीय अस्पताल में शौचालय और पानी की टंकी का निर्माण + 8 कार्य। | 25.01.2024 01.02.2024 | 73.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | गणेशपुर भोरियां :- गांव गणेशपुर भोरियां ब्लॉक पिंजौर (पंचकूला) में मियां रोड से नदी तक आर/वॉल और गली का निर्माण + 4 कार्य। | 24.01.2024 30.01.2024 | 27.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 20 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | रानिया वालीजोहड़ी तालाब से सेहलंगा माइनर आरडी 4730/एल आरडी 0 से 6890 तक अकेहड़ी मदनपुर पाइप लाइन लिंक ड्रेन (भूमिगत एचडीपीई पाइप लाइन) के निर्माण हेतु आकलन + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.02.2024 | 1126.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 21 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जेएलएन फीडर के साथ पम्पिंग ब्रेकिश सैलाइन ग्राउंड वाटर हेतु मौजूदा बकाया छिछले नलकूप की मरम्मत और रखरखाव। | बंद होने की तिथि 05.02.2024 | 108.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 22 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल (जिला कैथल में) लघु सचिवालय के परिसर में ई-दिशा केन्द्र भवन के प्रथम तल पर हॉल में वुडन पार्टिशन का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 12.02.2024 | 15.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 23 | पंचायती राज कथूरा सोनीपत | 8. कथूरा ब्लॉक [ब्लॉक समिति] के सभी गांवों हेतु ओपन जिम उपकरण के प्रावधान व फिक्सिंग हेतु आकलन + 5 कार्य। | 24.01.2024 01.02.2024 | 58.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 24 | पंचायती राज पंचकूला | बरवाला - गोल मंदिर से कॉलेज रोड टर्न तक नाला का निर्माण। | 24.01.2024 30.01.2024 | 31.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/480/24482/I/88/6 दि. 25.01.24

## खबर संक्षेप

### आर्थिक गलियारा अपग्रेड चीन पाक के साथ राजी



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना- सीपीईसी पर अरबों डॉलर का निवेश किया है। जिनपिंग प्रशासन ने कहा है कि वह चीन-पाक आर्थिक गलियारे को अपग्रेड करने की परियोजना पर एक साथ काम करने को राजी है। आपसी विश्वास को और मजबूत करने के मकसद से फैसला लिया है।

### सऊदी अरब में 72 साल से शराब बैन, अब शुरू



**रियाद।** इस्लामिक देश सऊदी अरब में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब राजधानी रियाद में शराब की पहली दुकान खुलने जा रही है। 72 साल से इस पर बैन लगा था। हालांकि शर्त है कि शराब सिर्फ गैर-मुस्लिम राजनयिकों को ही बेची जाएगी। शराब का मंथली कोटा भी होगा। शराब खरीदने से पहले मोबाइल ऐप के जरिए रजिस्टर करना होगा।

# एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण

## फायरपावर से कांपेगा दुश्मन

1. आत्मनिर्भर भारत के तहत एक और सफल शॉट
2. ब्रह्मोस मिसाइल हुई और ताकतवर
3. टारगेट को खत्म करने में सक्षम यह मिसाइल
4. इसकी रेंज 800 किलोमीटर से ज्यादा
5. दुश्मन की नजर में नहीं आती ब्रह्मोस मिसाइल
6. यह मिसाइल हवा में ही रास्ता बदलने में सक्षम

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने उन्नत सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से भूमि लक्ष्य पर सफलतापूर्वक हमला किया। वायुसेना ने जंगी जहाज से नई ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। मिसाइल की रेंज और फायर पावर में इजाफा किया गया है। यह लैंड अटैक वर्जन थी। ब्रह्मोस मिसाइल अमेरिका के टोमाहॉक मिसाइल से दोगुना तेज उड़ती है। यह मिसाइल 1200 यूनिट की ऊर्जा पैदा करती है, जो किसी भी बड़े टारगेट को मिट्टी में मिला सकता है।



### सेना ने पुलवामा में डिफ्यूज किया जिंदा आईईडी बम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सुरक्षाबलों को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा सेक्टर में बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों ने एक आईईडी को डिटेक्ट किया और उसे बम निरोधक दस्ते की मदद से डिफ्यूज भी कर दिया।

अतंकियों ने इस आईईडी को भारतीय सेना को निशाना बनाते हुए प्लांट किया था। आगामी गणतंत्र दिवस से पहले आतंकियों की प्लानिंग भारतीय सेना को निशाना बनाने की थी। सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के चलते एक बड़ी आतंकी घटना को टालने में मदद मिली। सेना इस वक्त इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है ताकि आतंकियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। केंद्र सरकार कश्मीर में आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।इससे पहले 12 जनवरी को जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में भारतीय सेना के वाहन पर आतंकियों द्वारा हमला किया गया था।

## केंद्र और शिपबिल्डर्स के बीच 1070 करोड़ के रक्षा सौदे पर सहमति

# केंद्र सरकार का बड़ा कदम... अब अभेद्य होगी समुद्री तटों की सुरक्षा

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय समुद्री तट रक्षा सुनिश्चित करने बड़ा कदम उठाया है। स्वदेशी रूप से निर्मित इन आधुनिक शिपों को एमडीएल द्वारा डिजाइन किया जाएगा। जिसे 5 साल की समय सीमा के भीतर भारतीय तट रक्षकों को सौंप दिया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय समुद्री तटों रक्षा सुनिश्चित करने के लिए 14 तेज गति से निगरानी करने वाले शिप के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ 1,070 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किया। स्वदेशी रूप से निर्मित इन आधुनिक शिपों को एमडीएल द्वारा डिजाइन, विकसित किया जाएगा, जिसे पांच साल की समय सीमा के भीतर भारतीय तट रक्षकों को सौंप दिया जाएगा। विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों के अलावा एफपीवी बहुउद्देशीय ड्रोन, वायरलेस रूप से नियंत्रित रिमोट वॉटर रेस्क्यू क्राफ्ट लाइफबॉय और एआई क्षमता से लैस होंगे। इससे भारतीय तटरक्षकों को चुनौतियों का सामना करने में मदद और परिचालन में आसानी होगी।

**खास बातें**

- पांच वर्षों के भीतर सौंपा जाएगा यह आधुनिक शिप
- तटरक्षकों को नई चुनौतियों का सामना करने में मिलेगी मदद

**शक्तिशाली**

समुद्री प्रदूषण के निपटान में सहायता और निगरानी में मजबूत भूमिका

बहुउद्देशीय ड्रोन, वायरलेस और एआई क्षमता से लैस



**तटरक्षा की क्षमता को बढ़ावा**

*इन शिपों (एफपीवी) के अधिग्रहण का उद्देश्य भारतीय तटरक्षा की क्षमता को बढ़ावा देना और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना है। बता दें कि करीब एक महीने पहले भारतीय तटरक्षक बल के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से युक्त अगली पीढ़ी के 6 अपतटीय गश्ती जहाजों के अधिग्रहण के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा एमडीएल के साथ 1,614 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किया गया था। इस तरह यह सौदा आत्मनिर्भर भारत को भी बढ़ावा देगा।*

**एंटी-पाइरेसी ऑपरेशन में मददगार**

ये शिप (एफपीवी) मत्स्य पालन संरक्षण और निगरानी, नियंत्रण और निगरानी, तस्करी विरोधी अभियान, खोज और बचाव अभियान,संकट में जहाज या शिल्प को सहायता, टोइंग क्षमताओं,एंटी-पाइरेसी ऑपरेशन, समुद्री प्रदूषण के निपटान में सहायता और निगरानी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 132 पद्म पुरस्कारों का ऐलान

# वेंकैया, वैजयंती माला समेत 5 को पद्म विभूषण मिथुन समेत 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को 2024 के लिए 132 पद्म पुरस्कारों का ऐलान कर दिया गया। इनमें 5 पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण और 110 हस्तियों को पद्मश्री पुरस्कार दिए जाएंगे। एक्ट्रेस वैजयंती माला, वेंकैया नायडू को पद्म विभूषण और मिथुन चक्रवर्ती, ऊषा उत्थुप का नाम पद्म भूषण अवॉर्ड के लिए चुना गया है। 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन के अध्यक्ष यंग लियू, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राम नाइक, दिवंगत अभिनेता विजयकांत, गायिका उषा उत्थुप और परोपकारी किरण नादर को भी प्रतिष्ठित नागरिक पुरस्कारों से सम्मानित करने की घोषणा की गई। सरकार ने मंगलवार को पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित करेगी। पद्म पुरस्कार पाने वालों में 34 गुमनाम नायक हैं, जिनमें भारत की पहली महिला हाथी महावत पार्वती बरुआ, आदिवासी पर्यावरणविद चामी मुर्मू, मिजोरम का सबसे बड़ा अनाथालय चलाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता संगथंकिमा और प्लास्टिक सर्जन प्रेमा धनराज शामिल हैं।

**पद्म विभूषण** जिन पांच प्रतिष्ठित व्यक्तियों को देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया जा रहा है उनमें नायडू, बाली, चिरंजीवी, पाठक और भरत नाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम शामिल हैं।

**पद्म भूषण** उधर, बीवी, कामा, चक्रवर्ती, यंग, विजयकांत, उत्थुप, नाइक, गुजराती अखबार 'जन्मभूमि' के समूह संपादक और सीईओ कुंदन व्यास, अभिनेता दत्तात्रय अंबादास मयालू, पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री सी.पी. ठाकुर और भाजपा नेता ओलानचेरी राजगोपाल सहित 17 प्रमुख वको पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।

**पद्मश्री** रोहन बोपन्ना, नादर, हॉकी खिलाड़ी हरबिंदर सिंह, पेशेवर स्क्वैश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा, पापुआ न्यू गिनी की संसद के लिए चुने गए भारतीय मूल के पहले व्यक्ति ससींद्रन मुथुवेल और बैंकर कल्पना मोरपारिया, बांग्लादेश की रवीन्द्र संगीत प्रतिपादक रेजवाना चौधरी बान्या, सौ साल की फ्रांसीसी योग शिक्षिका चार्लोट चोपिन, गायक सुरेंद्र मोहन मिश्रा समेत 110 हस्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।

### सिरसा के दिव्यांग गुरविंदर सिंह को भी पद्म पुरस्कार



हरियाणा में सिरसा के दिव्यांग सामाजिक कार्यकर्ता गुरविंदर सिंह (52) ने बेघर, निराश्रित, महिलाओं की बेहतरी के लिए और अनाथ व दिव्यांगजनों के लिए काम किया। ट्रक से टकराने के बाद गुरविंदर सिंह का आधा शरीर लकवाग्रस्त हो गया। इसके बाद से जीवन का उद्देश्य ही बदल गया। गुरविंदर ने अटूट समर्पण से उन्होंने 300 बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए बाल देखभाल संस्थान स्थापित किया और नाम रखा बाल गोपाल धाम। 6,000 से ज्यादा लोगों को फ्री एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान की। ट्रक की चपेट में आने से कमर के नीचे का हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया और जीवन भर के लिए व्हीलचेयर पर ही सीमित होकर भी, दूसरों के कल्याण के लिए काम करना उनकी प्राथमिकता है।

## स्मारक में प्रतीक चिन्हों को देखते हुए



**मुंबई।** ताज महल पैलेस होटल में 26/11 के पीड़ितों के स्मारक के दौरे के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज के साथ।

# हिसार में फर्जीवाड़ा : सहकारी समिति में करोड़ों का गबन, तीन अफसर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हिसार में सहकारी समिति का गठन करके कर्मचारियों और आमजन को बैंक से अधिक ब्याज देने का लालच देकर करोड़ों रुपये का गबन करने वाले समिति संचालकों को बचाने का प्रयास करने वाले तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को तीनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से सहायक रजिस्ट्रार सुधीर अहलावत को दो दिन के रिमांड पर, जबकि निरीक्षक मनजीत सिंह को एक दिन के रिमांड और आरोपित महिला अधिकारी मानता देवी को जेल भेज दिया। सिरसा के एसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। अधिकारियों ने एआर हिसार सुधीर अहलावत हाल महेंद्रगढ़, एआर फतेहाबाद मानता देवी व डीआर ऑफिस हिसार के इंस्पेक्टर मनजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को सिरसा अदालत में पेश किया गया, जहां दो को रिमांड पर व एक को जेल दिया।

**यह है मामला** हिसार के आशीष सांखला व कपिल शर्मा सहित अन्य ने मिलकर ऑल एम्पलाइज कोऑपरेटिव सोसाइटी रजिस्टर करवाकर अधिक ब्याज का लालच देकर लोगों से करोड़ो रुपये जमा करवाकर फर्जीवाड़ा किया। इसमें हिसार निवासी वकील जगबीर सिंह ने भी 17 लाख की एफडी करवाई थी। अवधि पूरी होने पर पैसे मांगे तो कंपनी के संचालकों ने इंकार कर दिया। इसकी शिकायत जगबीर ने सहायक रजिस्ट्रार सुधीर से की, सुनवाई नहीं हुई। तो डीआर अशोक को शिकायत की, जिन्होंने समिति संचालक आशीष व कपिल की संपति अटैच कर दी। एआर सुधीर ने पद का दुरुपयोग कर संपति को रीलिज कर दिया। लोकायुक्त के निर्देश पर हिसार शहर व सदर थानों में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

## तेलंगाना में अधिकारी के पास 100 करोड़ की संपत्ति जब्त

**हैदराबाद(एजेंसी)।** तेलंगाना सरकार में अधिकारी शिव बालाकृष्ण के ठिकानों से 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। उनके पास से 40 लाख रुपये कैश, 2 किलो सोना, 60 महंगी घड़ियां, 14 स्मार्ट फोन, 10 लैपटॉप, कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, अचल संपत्तियों से संबंधित कई दस्तावेज और नोट गिनने वाली मशीनें मिली हैं।

**एसीबी ने 40 लाख कैश, 2 किलो सोना पकड़ा, कई महंगी घड़ियां और गैजेट्स भी बरामद**

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की 14 टीमों ने बुधवार को बालाकृष्ण और उनके रिश्तेदारों के राज्य भर में 20 ठिकानों पर रेड की थी। उनके नाम 4 बैंकों में लॉकर मिले हैं, जिन्हें खोला जाएगा। बालाकृष्णा तेलंगाना रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (टीएसआरईआरए) के सेक्रेटरी हैं। बालाकृष्ण हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के डायरेक्टर भी रह चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसीबी ने बालाकृष्ण को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ पद का दुरुपयोग करते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज किया है। आज उन्हें कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। एसीबी का आरोप है कि हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के डायरेक्टर के पद पर रहते हुए बालाकृष्ण ने अकूत संपत्तियां अर्जित कीं।

## भारत देने जा रहा इजराइल को बड़ा योगदान

# इजराइल नए तरीके से हूतियों को चखाएगा मजा, कार्य जल्द शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल और हमास में जंग जारी है। इसी बीच हमास के समर्थित यमन के हूती विद्रोही इजराइल जाने वाले कारोबारी जहाजों पर निशाना बना रहे हैं। ऐसे में इजराइल ने भारत से कारोबार जारी रखने नई तरकीब निकाली है। इससे इजराइल से यमन के पास लाल सागर से आने जाने वाले जहाजों में लदे माल को हूती विद्रोहियों से कोई खतरा नहीं होगा। हूतियों के इजराइली जहाजों पर हमलों के बीच इजराइल अब भारत के साथ व्यापार के लिए यूएई के माध्यम से माल परिवहन करने की योजना पर काम कर रहा है।




**इजराइल ने टीमों का गठन किया**

इजराइल के परिवहन मंत्री मिरी रेगेव ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि हमने अबु धाबी से इजराइल तक माल को जमीनी रास्ते से लाने के लिए पेशेवर टीमें गठित की हैं। उन्होंने कहा कि माल के भूमि परिवहन से समय 12 दिन कम हो जाएगा और हूतियों के हमले की समस्या के कारण मौजूदा प्रतीक्षा समय भी काफी कम हो जाएगा। हम यह करेंगे और हम सफल होंगे।

**हमास के समर्थक हैं**

इजराइल और हमास की जंग से हूती विद्रोही इजराइल के विरोध में तनाव को बढ़ा रहे हैं। हूती विद्रोही हमास के समर्थक हैं, हूतियों को भी ईरान की ओर से मदद मिलती है। ऐसे में हमास पर इजराइल के हमले का हूती विद्रोही भी विरोध कर रहे हैं और इजराइली जहाजों पर अटैक कर रहे हैं। इजराइली हमलों में अब तक 25295 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

फटे हाल पाक का 3 देशों को खुला चैलेंज

# आर्मी चीफ बोले- एक साथ तीन देशों को मिटाने की रखते हैं क्षमता


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पड़ोसी देश पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति से हर कोई वाकिफ है। इसके बाद भी पाकिस्तान वेबजह की बयानबाजी कर रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक साथ तीन मुल्कों को धमकी दे डाली है। इन तीन देशों में भारत के साथ ईरान और अफगानिस्तान शामिल हैं। ईरान द्वारा हाल ही में पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक के चलते दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। जानकारों के मुताबिक अफगानिस्तान, ईरान और भारत की नजदीकियों की वजह से पाकिस्तानी सेना बौखलाई हुई है।



**3 तरफ से घिरा पाकिस्तान**

*अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार पाकिस्तानी सेना पर सीधा हमला करने को तैयार बैठी है। ईरान, पाकिस्तान में घुसकर हमला कर चुका है, भारत के खौफ़ से पाकिस्तानी सेना पहले ही कांप रही है। ऐसे हालात में पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर का ये बयान साफ दिखाता है, कि पाक अब तीन तरफ से घिर चुका है। छात्रों से बातचीत में मुनीर ने कहा कि बात जब देश की सुरक्षा की होती है तो प्रत्येक पाकिस्तानी हमारे लिए अफगानिस्तान से ज्यादा अहम है। हमनें 50 लाख अफगानियों को 50 साल तक खाना दिया, लेकिन अगर हमारे बच्चों की बात आएगी तो जो हमला करेंगे हम उनके पीछे जाएंगे और मिटा देंगे।*


हरियाणा सरकार
GOVT. OF HARYANA
गणतंत्र के गौरव गान में, भारत की शान में,
आओ फहराएं तिरंगा, संविधान के सम्मान में
26 जनवरी, 2024
75वें गणतंत्र दिवस
के अवसर पर देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
"आप सभी को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
जय हिंद!"
- नरेन्द्र मोदी
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

आरबीआई डिजिटल मुद्रा को बेहतर बनाने में लगी

# डिजिटल मुद्रा पर सरकार, आरबीआई सक्रियता से कर रहे काम: सीतारमण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आरबीआई ने पायलट आधार पर थोक सीबीडीसी शुरू किया है और नौ बैंकों - भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी... को इसके लिए चुना है।

## खुदरा लेन देन 1 दिसंबर 2022 से शुरू किया गया

इसके अलावा, आरबीआई ने खुदरा लेन-देन के लिए एक दिसंबर, 2022 को पायलट आधार पर सीबीडीसी या ई-रुपया शुरू किया। ई-रुपया एक डिजिटल टोकन के रूप में है जो कानूनी रूप से वैध मुद्रा का प्रतिनिधित्व करता है। इसे कागजी मुद्रा और सिक्कों के समान मूल्यवर्ग में जारी किया जा रहा है। इसे बैंकों के माध्यम से वितरित किया जा रहा है।

## ई-रुपए में लेनदेन कर सकेंगे

उपयोगकर्ता पायलट परियोजना में शामिल बैंकों द्वारा पेश डिजिटल वॉलेट के माध्यम से ई-रुपये से लेनदेन कर सकते हैं। हिंदू कॉलेज के 125 साल पूरे होने के अवसर पर एक कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा, 'हमें पूरा विश्वास है कि यह सीमापार भुगतान में मदद करेगा। यह अधिक पारदर्शिता लाएगा...।'



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सक्रिय रूप से केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को बेहतर बनाने में लगे हुए हैं ताकि इसका उपयोग सीमापार भुगतान के लिए किया जा सके।

## सरकार का ध्यान विनिर्माण और कृषि क्षेत्र पर

भारत को 'विकसित देश' बनाने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान विनिर्माण और कृषि पर होगा। सीतारमण ने कहा, 'कृषि ने अपनी प्रधानता बरकरार रखी है और हम फसल कटाई के बाद की गतिविधियों आदि को आधुनिक बनाकर कृषि को मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं।'

- इसका उपयोग सीमापार भुगतान में किया जा सके
- पायलट आधार पर थोक सीबीडीसी शुरू किया गया

**पैसा देश में लाने की लागत घटेगी:** वित्त मंत्री ने कहा कि यह लागत में कमी लाने के साथ भुगतान में तेजी लाने में मदद करता है। इससे पैसा बाहर भेजने या देश में लाने की लागत में कमी आती है। वित्त मंत्री ने कहा, 'नियामक और सरकार दोनों इसपर काम कर रहे हैं...।'

**विनिर्माण क्षेत्र में 13 उभरते क्षेत्रों की पहचान** : वित्त मंत्री ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में, सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, मशीन लर्निंग, पृथ्वी विज्ञान और अंतरिक्ष सहित 13 उभरते क्षेत्रों की पहचान की है।

## सामाजिक योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्णता के करीब

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार गरीबों को बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने के लिए बनाई गई सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर 'पूर्ण लक्ष्य' तक पहुंचने के करीब है। सीतारमण ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ''अब समय आ गया है कि भारत आर्थिक रूप से 'आत्मनिर्भर' बने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर आगे बढ़े।''

## आबादी बुनियादी चीजों से वंचित थी

पहले योजनाओं पर तेजी से काम नहीं होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''हमने एक विकसित भारत के लिए नींव रखी है और सभी को बुनियादी जरूरतें प्रदान करके लोगों को सशक्त बनाया है।'' उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार के पास घर, सड़क आदि उपलब्ध कराने की योजनाएं थीं, लेकिन उनपर तेजी से काम करने की भावना गायब थी। आजादी के 50 या 60 साल बाद भी लगभग 50 प्रतिशत आबादी बुनियादी चीजों से वंचित थी।

# सोना 150 रुपये टूटा, चांदी 200 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 150 रुपये के नुकसान के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। सोना 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 200 रुपये की मजबूती के साथ 76,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 150 रुपये की गिरावट के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।''

# आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 360 अंक टूटा

- निफ्टी 21,400 अंक से नीचे फिसला
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पूंजी निकासा जारी रखी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 360 अंक के नुकसान में रहा। वहीं निफ्टी 21,400 अंक से नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 359.64 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,700.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 741.27 अंक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के 19 शेयर नुकसान में जबकि 11 लाभ में रहे। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 101.35 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,352.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने और कंपनियों के मिले-जुले वित्तीय परिणाम के साथ विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाली कर रहे हैं।

## वैश्विक बाजारों में रहा कमजोर रुख

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बीच दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सकारात्मक रुख से वहां नीतिगत दर में फिलहाल कटौती की संभावना कम हुई है।' उन्होंने कहा, 'एफआईआई बिकवाली कर रहे हैं क्योंकि अमेरिकी बॉन्ड का प्रतिफल बढ़ा है।'

## बजट आर्थिक वृद्धि को गति देने वाला होगा

- उद्योग जगत का मानना, विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत का मानना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपने अंतरिम बजट में विनिर्माण को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़ी राशि निर्धारित करने और कराधान मोर्चे पर राहत देते हुए सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं पर अधिक ध्यान देंगी। सीतारमण एक फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरित बजट पेश करेंगी। यह उनका छठा बजट है। उद्योग जगत का कहना है कि सरकार के लिए देश में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाना जरूरी है क्योंकि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।सीआईआई ने विनिर्माण में गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए 'अत्याधुनिक विनिर्माण के लिए राष्ट्रीय मिशन' शुरू करने का सुझाव दिया है। सीआईआई ने बजट को लेकर वित्त मंत्रालय को दिये अपने प्रस्ताव कहा है, 'मिशन के तहत तकनीकी रूप से अत्याधुनिक विनिर्माण उद्योग के निर्माण के लिए परिवेश को मजबूत किया जाना चाहिए।





**ओला का घाटा बीते वित्त वर्ष कम होकर 772 करोड़ रुपए**

**नई दिल्ली।** ओला ब्रांड के तहत परिचालन करने वाली एएनआई टेक्नोलॉजीज का एकीकृत शुद्ध घाटा बीते वित्त वर्ष (2022-23) में कम होकर 772.25 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का एकीकृत घाटा वित्त वर्ष 2021-22 में 1,522.33 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी एकीकृत परिचालन आय आलोच्य वित्त वर्ष में लगभग 48 प्रतिशत बढ़कर 2,481.35 करोड़ रुपये रही, जो 2021-22 में 1,679.54 करोड़ रुपये रही थी।

**पीएनबी का मुनाफा तीन गुना होकर 2,223 करोड़**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही का मुनाफा तीन गुना से अधिक होकर 2,223 करोड़ रुपये रहा है। बैंक ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 629 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।




केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल
राष्ट्र के शांति प्रहरी
वीरों को सलाम करते हैं।
सत्यमेव जयते
भारत सरकार
केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
75वें गणतंत्र दिवस-2024 के अवसर पर के.रि.पु.बल को 66 वीरता पदक
शौर्य चक्र
बिभोर कुमार सिंह
सहा. कमाण्डेंट
वीरता के लिए पदक
शहीद सिपाही धर्म देव कुमार
शहीद सिपाही सखामुरी मुरलीकृष्णा
शहीद सिपाही राउतु जगदीश
शहीद सिपाही समैया माडवी
विनय कुमार सहा. कमाण्डेंट
सिपाही एलयास अहमद
उप निरीक्षक विकाश यादव
प्रदीप सिंह राठी सहा. कमाण्डेंट
वंजारी सुजित भास्करराव सहा. कमाण्डेंट
हवलदार मो0 हनीफ
सिपाही मुदास्सिर युसुफ भट
सिपाही सुखलाल सिंह
सिपाही मालोथू रमेश
सिपाही कन्हैया लाल
सिपाही गोविन्द कुमार प्रजापति
राम गोपाल सहा. कमाण्डेंट
सिपाही चन्द्र शेखर
अजय सिंह परमार द्वि. क. अधिकारी
सिपाही ज्योति दास
सिपाही अपुर्व गगौई
सिपाही रियाज अहमद कटारिया
सिपाही गोदराज सैनी
सिपाही सैलेन्द्र कुमार चौहान
चन्दन कुमार सहा. कमाण्डेंट
हवलदार अजय कुमार
सिपाही (अब हवलदार) अनिल कुमार चारक
सिपाही हईखाम प्रियोनन्दा सिंह
अखण्ड प्रताप सिंह सहा. कमाण्डेंट
भजन लाल सहा. कमाण्डेंट
निरीक्षक सुभाष यादव
सिपाही रंजित किसान
सिपाही रानु प्रताप साहु
सिपाही पडगल मारिराजु
सत्येन्द्र सिंह सहा. कमाण्डेंट
सिपाही संदीप महता
सिपाही गोपीनाथ बार
तेजा राम चौधरी सहा. कमाण्डेंट
हवलदार कुशल कुमार दास
सिपाही उत्पल हाज़ंग
सहा.उप.निरी. बृज लाल
सहा.उप.निरी.(अब उप निरीक्षक) राजेश कुमार
सिपाही राहुल मेलकानी
नरेन्द्र यादव द्वि. क. अधिकारी
अमित कुमार सहा. कमाण्डेंट
उप निरीक्षक (अब निरीक्षक) आदित्य कुमार
सिपाही सरोज कुमार
सिपाही किशुन पाल सिंह जादौन
सिपाही (अब हवलदार) जंगले सुनील नारायण
हर्षवर्धन कमाण्डेंट
रविन्द्र कुमार द्वि. क. अधिकारी
राम कुंवार जाट सहा. कमाण्डेंट
सिपाही (अब हवलदार) इमतियाज अहमद
सिपाही हरवीर सिंह
ईमित्योसी जमीर सहा. कमाण्डेंट
तुलसी दास सहा. कमाण्डेंट
हवलदार पुरन्द्र सिंह
सिपाही राणा पॉल
सिपाही चप्पा अप्पलास्वामी
सिपाही गोविन्द कुमार प्रजापति (GM 1st BAR)
अभय कुमार सिंह सहा. कमाण्डेंट (अब उप. कमाण्डेंट)
हवलदार देवेन्द्र कुमार सिंह
सिपाही दलवे प्रविण बब्रुराव
सिपाही माली अरूण श्रावण
हवलदार जितेन्द्र कुमार
हवलदार सुकान्ता पाल
Visit us at https://crpf.gov.in
@crpfindia
YouTube CRPF-INDIA
crpf_india
@CentralReservePolice
CBC 19111/13/0147/2324




# भारत, चीन, रूस ने चुनाव में दखल दियाः कनाडा

## फिर लगाए आरोपः जांच कमीशन ने ट्रूडो सरकार से सबूत मांगे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद थमता नहीं दिख रहा है। कनाडा का मानना है कि भारत ने उसके आम चुनावों में हस्तक्षेप किया था। कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार बताया था। इसके बाद से ही दोनों देशों के रिश्तों में तनाव है। अब वहां के चुनाव में विदेशी दखल की जांच कर रहे कमीशन ने कहा है कि इस मामले में भारत का नाम भी आया है। कमीशन ने ट्रूडो सरकार से इस मामले की जानकारी मांगी है।

### पिछले साल की रिपोर्ट में दावा

दरअसल, पिछले साल सितंबर में सामने आई रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कनाडा में 2019 और 2021 में हुए 2 संघीय चुनाव में चीन ने दखल दिया था। इसमें जस्टिन ट्रूडो को जीत दिलाने में मदद की गई थी। चीन ने आरोप खारिज कर दिए थे। तब प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मामले की जांच के लिए इंडिपेंडेंट कमीशन बनाया था। संघीय चुनाव में विदेशी दखल की जांच कर रहे कमीशन का अध्यक्ष जज मैरी-होसे होग को बनाया गया है।



### क्या है मामला

2019 और 2021 के संघीय चुनावों में जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली लिबरल पार्टी को जीत मिली थी। इसके बाद सामने आई कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि लिबरल पार्टी के पक्ष में चीन और रूस ने चुनावों में हस्तक्षेप किया था। विवाद के बाद मामले की जांच के लिए क्यूबेक के न्यायाधीश मैरी-जोसी हॉग के नेतृत्व में एक आयोग का गठन किया गया। अब यही आयोग भारत के कथित हस्तक्षेप से जुड़ी जांच भी करेगा।

### कमीशन जांचेगा कि सरकार को जानकारी थी या नहीं

कमीशन ने बताया कि उन्होंने सरकार से इन चुनावों में भारत के तथाकथित दखल से जुड़े दस्तावेज पेश करने को कहा है। इसके अलावा कमीशन इस बात की भी जांच करेगा कि पूरे मामले की सरकार को कितनी जानकारी थी और इस पर क्या कदम उठाए गए। फिलहाल इस मामले में कनाडा में मौजूद भारतीय हाई कमीशन या भारत सरकार ने कुछ नहीं कहा है।


मामले की जांच को कमीशन का अध्यक्ष जज मैरी-होसे होग को बनाया गया

### ट्रूडो ने भारत पर निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था

आतंकी निज्जर की हत्या 18 जून 2023 को कनाडा में हुई थी। इसके बाद सितंबर में पीएम ट्रूडो ने भारत पर इसका आरोप लगाया था। उनकी सरकार ने भारत के एक सीनियर डिप्लोमैट को देश से निकाल दिया था। इसके बाद से भारत-कनाडा के बीच विवाद बढ़ता चला गया। हालांकि, बाद में ट्रूडो ने खुद कई बार भारत से रिश्ते बनाए रखने की बात कही थी। भारत ने कनाडा के आरोपों के खिलाफ एक्शन लेते हुए वहां के लोगों के लिए वीजा सेवाएं भी सस्पेंड कर दी थीं। साथ ही भारत से 41 कनाडाई डिप्लोमैट्स को भी हटा दिया गया था। हालांकि, बाद में डिप्लोमैटिक लेवल पर कई बातचीत हुई और कुछ महीनों बाद वीजा सेवाएं वापस से शुरू कर दी गई थीं।

*एक परिवार के लोग छुट्टी मनाने फिलिप द्वीप आए थे*

# ऑस्ट्रेलिया में डूबने से चार भारतीयों की मौत

भाषा ▶▶ मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में एक समुद्र तट पर तीन महिलाओं सहित चार भारतीयों की डूबने से मौत हो गई। समुद्र तट पर हुई यह घटना लगभग 20 वर्षों में विक्टोरियाई समुद्री क्षेत्र में हुई सबसे भयावह हादसों में से एक है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। घटना बुधवार को विक्टोरिया के फिलिप आइलैंड में घटी। मृतकों के करीबी रिश्तेदार ने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया से बातचीत में उनके नामों की पुष्टि की। चारों मृतकों की पहचान 23 वर्षीय जगजीत सिंह आनंद, छात्राओं सुहानी आनंद और कीर्ति बेदी (दोनों 20 साल) और 43 वर्षीय रीमा सोंढी के रूप में की गई है। रीमा भारतीय थीं और ऑस्ट्रेलिया में परिवार से मिलने आई थीं, वहीं तीनों क्लाइड में रहते थे।

**अमेरिका, इजिप्ट और कतर की हमास से बातचीत**

# इजराइल और हमास के बीच हो सकती होस्टेज डील, तीन माह से जंग जारी



**तेल अवीव(एजेंसी)।** इजराइल और हमास के बीच साढ़े तीन महीने से जारी जंग में दूसरी बार सीजफायर की गुंजाइश नजर आने लगी है। 'यरूशलम पोस्ट' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी इंटेलिजेंस के अफसर इजराइल से बातचीत के बाद अब इजिप्ट और कतर से चर्चा कर रहे हैं। इसमें हमास के सामने कुछ शर्तें रखी गई हैं। उम्मीद है कि जल्द ही सीजफायर और होस्टेज डील हो सकती है। दूसरी तरफ, इजराइली सेना ने भी खान यूनिस इलाके में जबरदस्त जमीनी और हवाई हमले किए। इजराइली सेना ने यहां के दो हॉस्पिटल खाली कराने के आदेश भी दिए हैं। कुछ लोग यहां से निकाले भी जा चुके हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने वीरता पुरस्कार देने की मंजूरी दी

# 80 जवानों को मिलेगा गैलेंट्री अवॉर्ड, छह को कीर्ति चक्र



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** 75वें गणतंत्र दिवस से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेना के 80 जवानों को वीरता पुरस्कार देने की मंजूरी दी है। 12 जवानों को मरणोपरांत ये सम्मान दिए जाएंगे। इनमें 6 कीर्ति चक्र (3 मरणोपरांत), 16 शौर्य चक्र (2 मरणोपरांत), 53 सेना मेडल (7 मरणोपरांत) समेत एक नौसेना और 4 वायुसेना मैडल शामिल हैं। कैप्टन अंशुमान सिंह, आर्मी मेडिकल कोर, 26वीं बटालियन पंजाब रेजिमेंट, 9 पैरा स्पेशल फोर्स यूनिट के हवलदार अब्दुल माजिद और 55 राष्ट्रीय राइफल्स (ग्रेनेडियर्स) के सिपाही पवन कुमार को मरणोपरांत दूसरे सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है। सेना के उत्तरी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, मध्य सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह को परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। भारतीय वायु सेना के मैंटेनेंस कमांड प्रमुख एयर मार्शल विभास पांडे को परम विशिष्ट सेवा मैडल से सम्मानित किया।

> 16 शौर्य चक्र और 53 सेना मेडल व एक नौसेना-चार वायु सेना मैडल दिया जाएगा

## 1,132 पुलिसकर्मी वीरता और सेवा पदक से सम्मानित

**नई दिल्ली, (भाषा)।** 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता और सेवा पदक की विभिन्न श्रेणियों में 1,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया है। इसमें 277 वीरता पदक शामिल हैं। बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार, हाल में पदकों की समीक्षा के बाद गणतंत्र दिवस, 2024 के अवसर पर पुलिस, दमकल सेवा, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा एवं सुधारात्मक सेवा के कुल 1,132 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। 277 वीरता पुरस्कारों में से 119 वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात कर्मियों को और 133 जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के कर्मियों को दिए गए हैं। शीर्ष श्रेणी का पीएमजी पदक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दो कर्मियों को "कांगो गणराज्य (मोनुस्को) में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन के तहत शांति स्थापना के प्रतिष्ठित कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए मरणोपरांत प्रदान किया गया है। दोनों बुटेम्बो में मोरक्कन रैपिड डिप्लॉयमेंट बटालियन शिविर में बीएसएफ की 15वीं कांगो टुकड़ी का हिस्सा थे।" जुलाई, 2022 में कांगो में कार्रवाई के दौरान बीएसएफ के हेड कांस्टेबल सांवला राम विश्नोई और शिशु पाल सिंह शहीद हो गए थे। सबसे अधिक 72 वीरता पदक जम्मू-कश्मीर पुलिस कर्मियों को मिले। उसके बाद सीआरपीएफ के जवानों को 65, महाराष्ट्र से 18, छत्तीसगढ़ से 26, झारखंड से 23, ओडिशा से 15, दिल्ली पुलिस से आठ कर्मियों व सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 21 जवानों को पदक दिए गए हैं।

> कश्मीर को सबसे ज्यादा 72 वीरता पुरस्कार दूसरे नंबर पर छत्तीसगढ़

